बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार





संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 217 | बुधवार 27 नवंबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया


### संविधान के 75 साल पूरे होने पर 75 रुपए का सिक्का व डाक टिकट जारी

# संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ: मुर्मू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी 26 नवंबर मंगलवार को संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम संविधान सदन (पुरानी संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया गया। यहां राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपए का सिक्का जारी किया। इस दौरान एक डाक टिकट भी जारी किया गया। यह डाक टिकट संविधान की उन मूल भावनाओं का प्रतीक है जो भारत को एकजुट करती है और हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के अवसर पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। आज हम इस ऐतिहासिक अवसर के भागीदार बन गए हैं और साक्षी भी बने हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज से 75 साल पहले संविधान सदन के इसी केंद्रीय कक्ष में आज ही के दिन संविधान सभा ने नव स्वाधीन देश के लिए संविधान निर्माण का बहुत बड़ा कार्य संपन्न किया था।

राष्ट्रपति ने कहा कि उस दिन संविधान सभा के जरिए हम भारत के लोगों ने अपने इस संविधान को अपनाया था। हमारा संविधान



हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक स्वाभिमान को तय करता है। संविधान सदन में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में विमोचन भी किया।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरण रिजिजू, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मौजूद थे। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राज्यसभा और लोकसभा के संसद सदस्य, दिल्ली स्थित मिशनों के प्रमुख और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे।

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति धनखड़ ने भी दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वागत भाषण दिया। भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट का विमोचन किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने भारत के संविधान का निर्माण-एक झलक नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। भारत के संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा शीर्षक से प्रकाशित एक और महत्वपूर्ण पुस्तक का विमोचन भी किया गया। यहां भारत के संविधान की कला और इसमें मौजूद चित्रों को समर्पित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। संस्कृत और मैथिली में भारत के संविधान का विमोचन भी इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक था। इस अवसर पर भारतीय संविधान की महिमा, इसके निर्माण और ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाते हुए एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। वहीं इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इन पांच सालों में हमारी संसद के जरिए से आम जनता के जीवन में सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लाए गए हैं। संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारे घनिष्ठ प्रतिबद्धता है। गौरतलब है कि सोमवार 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरु हो चुका है। राज्यसभा सचिवालय के मुताबिक यह सत्र अगले माह 20 दिसंबर तक चलेगा।


दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939





## 『सुविचार』

जहां मेडिकल की पढ़ाई की फीस करोड़ तक पहुंच चुकी हो, वहां के डॉक्टर से आप इंसानियत की उम्मीद कैसे रख सकते हैं आप..!

## संक्षिप्त समाचार

### रैपर बादशाह के नाइट क्लब के पास धमाका, कोई हताहत नहीं

**-चंडीगढ़ में दो नाइट क्लबों के पास हुए हैं धमाके, पुलिस आरोपियों की कर रही तलाश**

चंडीगढ़। केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित दो नाइट क्लबों के पास मंगलवार को सुबह करीब चार बजे दो धमाके हुए। इस घटना के बाद से लोग में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच कर रही है। जिन नाइट क्लबों के पास यह धमाके हुए उनमें से एक रैपर बादशाह का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक अब तक की जांच में सामने आया है कि दो अज्ञात बाइक सवारों ने सुबह तड़के चंडीगढ़ के दो नाइट क्लबों के पास विस्फोटक फेंका है। चंडीगढ़ पुलिस की फोरेंसिक टीमें इस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बारे में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। जानकारी के मुताबिक इस पूरी घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना अब तक सामने नहीं आई है। हालांकि विस्फोट से खिड़कियों के शीशे टूट गए। बताया जा रहा है कि बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने कम तीव्रता वाला बम फेंका था। चंडीगढ़ पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह रंगदारी का मामला है। पटाखों के साथ पोटास का इस्तेमाल किया गया है। कुछ जूट की रस्सियां भी मिलीं हैं और उनमें से कुछ तेज आवाज वाली निकली। सेविले बार बॉलीवुड सिंगर बादशाह का है लेकिन डी. ओर्रा क्लब बादशाह का नहीं है। जिस वक्त धमाका किया गया उस वक्त दोनों नाइट क्लब बंद थे ऐसे में माना जा रहा है कि सिर्फ दहशत फैलाने के मकसद से धमाके किए गए हैं। शुरुआती जांच में इन धमाकों के पीछे नाइट क्लबों के मालिकों में दहशत फैलाकर एक्सटॉर्शन का एंगल होने की आशंका है। पुलिस जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

### राज्य का दर्जा और अन्य अधिकार बहाल करने की मांग को लेकर कश्मीर में कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

जम्मू । जैसे ही संसद सत्र शुरू हुआ, कश्मीर के कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के वादे के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की। बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता राज्य का दर्जा और अन्य अधिकार बहाल करें के प्लेकार्ड लेकर कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में एकत्र होकर राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही संसद सत्र शुरू हो चुका है, हम पीएम मोदी और अन्य लोगों को याद दिलाना चाहते हैं, जिन्होंने संसद के अंदर और बाहर वादा किया था कि राज्य का दर्जा बहाल होगा। हम पीएम मोदी को याद दिलाना चाहते हैं कि उन्होंने 19 सितंबर को श्रीनगर में भी वादा किया था कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज इस जगह से जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस संसद में उन लोगों को संदेश देना चाहती है जिन्होंने अपने कान बंद कर रखे हैं और उनका यह रवैया ज्यादा समय तक नहीं रहेगा।

# चुनाव जीते सोरेन को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से झटका, उपस्थिति से छूट देने से मना किया

**रांची (एजेंसी)।** ईडी के समन की अवहेलना के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से मंगलवार को झटका लगा है। एमपी-एमएलए अदालत ने ईडी की ओर से मामले में दायर मुकदमे में सोरेन को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति से छूट देने से मना कर दिया है। सोरेन ने 5 जुलाई को अदालत में याचिका दाखिल कर दरख्वास्त की थी कि ईडी की ओर से समन अवहेलना का आरोप लगाकर उनके खिलाफ जो शिकायतवाद दायर की है, उसमें सुनवाई के दौरान उन्हें व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति से छूट दी जाए। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने सोरेन की याचिका पर सुनवाई और दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 11 नवंबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

अब अदालत ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को मामले में व्यक्तिगत रूप से बुलाया है और चार दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना है कि सोरेन ने ईडी की ओर से भेजे गए समन का उल्लंघन किया। ईडी की ओर से सीजेएम कोर्ट में 19 फरवरी को शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। इसमें एजेंसी ने बताया है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए सोरेन को दस समन भेजे गए थे, लेकिन वे दो समन पर उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद 4 मार्च को संज्ञान लिया था। बाद में यह मामला एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया था।


बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने हेमंत सोरेन को पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया था। इसके बाद इसी वर्ष उन्हें 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर को और 2024 में 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी को समन भेजे गए थे। दसवें समन पर उनसे 31 जनवरी को पूछताछ हुई थी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था।



## अब राकेश टिकैत ने दिया नारा:

# किसानों से महापंचायत में बोले- बंटोगे तो लुटोगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 12 से अधिक किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर पर प्रदर्शन किया। महापंचायत में गौतमबुद्धनगर के अलावा गाजियाबाद, बुलंशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा आदि जिलों के किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और निजी वाहनों में सवार होकर पहुंचे थे। किसान महापंचायत के दौरान भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे बंटेंगे तो कटेंगे को किसानों की एकता के लिए उपयुक्त बताया। इसके साथ ही राकेश टिकैत ने किसानों को बंटोगे तो लुटोगे का नारा दिया। टिकैत ने कहा कि वो ही कह रहे हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे। किसानों पर यह बात पूरी तरह फिट बैठती है। किसान जब तक अलग-अलग बिखरे हुए अपनी लड़ाई लड़ेंगे, तब तक उन्हें सफलता मिलनी संभव नहीं है। उन्होंने किसानों के सभी संगठनों को एक साथ आकर लड़ने का आह्वान किया है।



#### पांच माह से धरने पर बैठे हैं किसान

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले 39 गांवों के किसानों का अनिश्चितकालीन धरना पिछले पांच माह से जारी है। संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह मुखिया ने ऐलान किया है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। धरनारत किसान 10 फीसदी भूखंड, 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा, रोजगार, आबादी की लीजबैक आदि मांगों पर अड़े हैं। महापंचायत में किसान संगठनों ने आम सहमति पर दिन-रात का महापड़ाव शुरू कर दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर तीन दिन 25 से 27 नवंबर और यमुना प्राधिकरण पर चार दिन 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक महापड़ाव करने के बाद 2 दिसंबर को दिल्ली कूच का निर्णय बरकरार रखा है।

#### किसानों की प्रमुख मांगें

पुराने कानून के तहत जमीन लिए जाने से प्रभावित सभी किसानों को 10 फीसदी प्लॉट, 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा, 1 जनवरी 2014 के बाद जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को बाजार दर का चार गुना मुआवजा, भूमिधर और भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार तथा पुनर्वास के लाभ व आबादियों का निस्तारण, हाई पावर कमेटी द्वारा किसानों के हक में पास किए गए मुद्दों पर शासनादेश लाकर उन्हें लागू करने की मांग की गई है।

## एकनाथ शिंदे ने दिया अपने पद से इस्तीफा, राज्यपाल ने बनाया कार्यवाहक सीएम

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने मुंबई के राजभवन में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। राज्यपाल ने अगली सरकार के शपथ लेने तक शिंदे को कार्यवाहक सीएम नियुक्त किया है। इससे पहले 23 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद सीएम एकनाथ शिंदे ने पार्टी कार्यकर्ताओं और महाराष्ट्र की जनता का आभार माना था। महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर एक फेज में 20 नवंबर को मतदान हुआ था। प्रदेश में महायुति गठबंधन में बीजेपी ने 149 सीटों पर चुनाव लड़ा है, वहीं शिवसेना (शिंदे) ने 81 सीटों पर और अजित पवार की एनसीपी 59 सीटों पर प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे थे। चुनाव में महायुति गठबंधन को प्रचंड जीत हासिल हुई है। महायुति में शामिल बीजेपी ने 132, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की है।



वहीं महा विकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना (उद्धव गुट) ने सबसे अधिक 20 सीटों पर जीत हासिल की है। कांग्रेस ने 16 और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) को 10 सीटों पर जीत हासिल हुई है। समाजवादी पार्टी ने दो सीटें जीती हैं जबकि अन्य के खाते में 10 सीटें आई हैं।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट कहा- बारिश होगी और बढ़ेगी ठंड

नई दिल्ली। उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में ठंड बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली का भी कुछ ऐसा ही हाल है। मंगलवार सुबह दिल्ली में धुंध की एक परत छाई रही। वही जम्मू कश्मीर और हिमाचल में भी मौसम खराब होता नजर आ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के पांच जिलों लाहौल-स्पीति, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में 30 नवंबर को हल्की बारिश-हिमपात का पूर्वानुमान है। अगले 7 दिनों के दौरान राज्य के बाकी हिस्सों में मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहेगा। उधर, बीते दिनों हुई बर्फबारी से जनजातीय क्षेत्रों में शीतलहर बढ़ गई है। राज्य के चार स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में चल रहा है। अगले 2 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद के तीन दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में लगभग दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। शिमला में न्यूनतम तापमान 9.0, सुंदरनगर 5.5, भुंतर 3.5, कल्पा 0.6, धर्मशाला 10.0, ऊना 6.2, नाहन 10.1 और केलांग -4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जम्मू-कश्मीर स्थित कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। गुलमर्ग और पहलगाम सबसे ठंडे स्थान बन गए हैं। मौसम अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे की तुलना में सोमवार को शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिर गया। एक दिन पहले हुई बर्फबारी के बाद रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के मैदानी इलाकों के लिए सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जबकि पिछली रात यह 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## इमरान खान की पार्टी का विरोध प्रदर्शन बढ़ा, सरकार ने दिए गोली मारने के आदेश

### -इस्लामाबाद को किया रेड जोन घोषित, सड़कों पर तैनात की पाकिस्तानी सेना

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं ने बड़ा प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालात बेकाबू हो गए हैं जिसके चलते इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर दिया गया है। रेड जोन में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पाकिस्तानी सेना तैनात कर दी गई है।

रेड जोन में पीएम आवास, संसद भवन, सरकारी कार्यालय और कई देशों के दूतावास शामिल हैं। शाहबाज सरकार ने आदेश दिए हैं कि रेड जोन में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए देखते ही गोली मारने की नीति अपनाई जाएगी। इमरान के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता रविवार से सरकार के खिलाफ 'करो या मरो' आंदोलन के तहत इस्लामाबाद की ओर बढ़ रहे हैं।



पाकिस्तान के कई शहरों से करीब 30 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। इस्लामाबाद में पीटीआई कार्यकर्ताओं और सुरक्षा बलों के बीच झड़प की कई घटनाएं सामने आई हैं। पंजाब और अन्य इलाकों में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हो रहा है।

स्थिति तनावपूर्ण है। देशभर में हिंसा और बढ़ते प्रदर्शन को देखते हुए शहबाज शरीफ सरकार ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

सरकार का कहना है कि प्रदर्शनकारियों को शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है, लेकिन हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेड जोन में सेना की तैनाती के पीछे मकसद सरकारी संपत्तियों और दूतावासों को किसी भी तरह के खतरे से बचाना है। इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर बढ़ते विरोध के कारण पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ गई है।

## संभल में हिंसा के बाद तीसरे दिन स्कूल खुले, इंटरनेट रहा बंद, पुलिस गश्त जारी

*** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जाएंगे संभल, पीड़ितों से करेंगे मुलाकात**

**संभल (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के संभल में हिंसा के बाद तीसरा दिन स्कूल खोल दिए गए लेकिन इंटरनेट आज भी बंद रहा। पूरे शहर में आरएएफ पुलिस फोर्स के साथ मार्च कर रही है। जामा मस्जिद जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है। हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हैं। ज्यादातर लोग घर छोड़कर चले गए हैं। घरों में ताले लगे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी संभल जाएंगे। वह वहां पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने राहुल गांधी के आने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के आने की तारीख अभी तय नहीं है। दो-तीन दिन में वह संभल का दौरा कर सकते हैं।

इधर, मंगलवार को सपा सांसद रामगोपाल यादव ने प्रशासन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जानबूझकर अशांति पैदा करने का काम किया है उन्होंने कहा कि अगर कहीं से न्याय नहीं मिलेगा तो निराश होकर व्यक्ति क्या करेगा? संसद में हमारी प्राथमिकता संभल का मुद्दा है। हम इसे छोड़ नहीं सकते।

इधर, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर को धमकी मिली है। उन्होंने कहा कि मैं लड़ रहा हूं, लड़ता रहूंगा।

बता दें सोमवार को संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सदर विधायक नवाब इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल पर हिंसा भड़काने पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने हिंसा से जुड़े मामले में 7 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें 6 नामजद और 2500 से ज्यादा अज्ञात हैं। अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़की थी। फायरिंग में 4 लोगों की मौत हो गई थी अभी भी वहां हालात तनावपूर्ण हैं। पुलिस गश्त कर रही है।

# भाजपा के हिंदुत्व पर भारी पड़ा झारखंड मुक्ति मोर्चा का आदिवासी कार्ड



कुमार कृष्णन

**इस चुनाव में हाल के वर्षों में राजनीति व पूंजीपतियों के नये उभरे समीकरण के चलते इस क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। इस बार भाजपा पूरे जोश के साथ झारखंड का चुनाव जीतने के लिये वैसी ही आमादा दिखी, जैसी वह छत्तीसगढ़ और ओडिशा में थी जहां उसने जीत दर्ज करने के लिये सारे पैंतरे लगाये और सफलता पायी थी। झारखंड में आदिवासी वोट निर्णायक होते हैं। झारखंड में एक तिहाई से ज्यादा (28) अनुसूचित जनजाति सीटें हैं। आबादी का 26 फीसदी हिस्सा आदिवासी है। 21सीटों में आदिवासियों की आबादी कम से कम एक लाख है। इन सीटों पर झामुमो की अच्छी पकड़ है। भाजपा इसे तोड़ने में सफल नहीं रही।**

वनाच्छादित, खनिज संपदा से भरपूर और आदिवासी बहुल झारखंड के अब तक के राजनीतिक इतिहास में यह पहला मौका है, जब जनता ने लगातार दूसरी बार किसी दल को सत्तासीन होने का जनादेश दिया है। यहां इंडिया गठबंधन ने 81 सीटों में से 56 सीटें जीतीं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 24 सीटों पर सिमट गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सबसे अधिक सीटें (34) हासिल कीं, जबकि कांग्रेस ने 16, राष्ट्रीय जनता दल ने 4 और सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीतीं। वहीं, दूसरी तरफ तीन सीट के नुकसान के साथ भाजपा ने 21, दो के नुकसान के साथ एजेएसयू ने एक सीट हासिल की। पहली बार एक सीट जेडीयू के खाते में गई। इनके अन्य सहयोगियों को भी दो सीटों का नुकसान हुआ, उन्हें केवल एक सीट मिली। वहीं, पिछले विधानसभा चुनाव यानी 2019 में झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30, भाजपा को 25, कांग्रेस को 16, जेवीएम को तीन तथा एजेएसयू को दो और आरजेडी को एक सीट मिली थी। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं। 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

इस चुनाव में हाल के वर्षों में राजनीति व पूंजीपतियों के नये उभरे समीकरण के चलते इस क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। इस बार भाजपा पूरे जोश के साथ झारखंड का चुनाव जीतने के लिये वैसी ही आमादा दिखी, जैसी वह छत्तीसगढ़ और ओडिशा में थी जहां उसने जीत दर्ज करने के लिये सारे पैंतरे लगाये और सफलता पायी थी। झारखंड में आदिवासी वोट निर्णायक होते हैं। झारखंड में एक तिहाई से ज्यादा (28) अनुसूचित जनजाति सीटें हैं। आबादी का 26 फीसदी हिस्सा आदिवासी है। 21सीटों में आदिवासियों की आबादी कम से कम एक लाख है। इन सीटों पर झामुमो की अच्छी पकड़ है। भाजपा इसे तोड़ने में सफल नहीं रही। इस बार झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह, अमित शाह ने 16, योगी आदित्यनाथ ने 14 सभाएं कीं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने तो झारखंड में ही डेरा डाल रखा था।

भाजपा के कई धुरंधर नेताओं ने झारखंड में धुआंधार प्रचार किया। संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ को लेकर भाजपा काफी आक्रामक रही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो यहां तक कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाइए, घुसपैठियों को उल्टा लटका देंगे। उन्होंने घुसपैठियों को ही झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस का वोट बैंक बताया। जमशेदपुर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वोट और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने चंपई सोरेन और सीता सोरेन के अपमान को आदिवासियों का अपमान बताया।

भाजपा ने ₹बंटोगे तो कटोगे₹ का नारा देकर घुसपैठ की चर्चा करते हुए हिंदुत्व कार्ड खेला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए नारे बंटोगे तो कटोगे को भाजपा के नेताओं ने इस चुनाव में खूब उछाला। यह नारा बीजेपी के लिए नुकसानदेह ही साबित हुआ। वहीं, इंडिया गठबंधन की तरफ से राहुल गांधी की छह सभाओं के अलावा लगभग पूरा जोर हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने ही लगाया। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने स्टार प्रचारक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, उन्होंनें पचीस दिनों तक यहां कैंप कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में धुआँधार प्रचार किया, तो हेमंत सोरेन ने पूरी ईमानदारी से गठबंधन धर्म का पालन किया।



झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी योजनाओं की चर्चा के साथ आदिवासी कार्ड खेला। झारखंड मुक्ति मोर्चा का आदिवासी कार्ड भाजपा के हिंदुत्व कार्ड पर भारी पड़ गया। आदिवासियों का भरोसा गुरुजी शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन पर ही रहा। झारखंड में हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति भी काफी प्रभावी रहा। हेमंत सोरेन अपने चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह संदेश देने की कोशिश करते रहे कि आदिवासी चेहरे को कुचलने के लिए किस तरह उन्हें गलत तरीके से जेल में डाला गया। इसमें वे कामयाब भी रहे। कई विधानसभा सीट पर 40 प्रतिशत से अधिक आदिवासी मतदाता हैं। वे एकजुट होकर उनके पक्ष में खड़े हो गए।

हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सामने आईं और जहां-जहां गईं, वहां उन्होंने पति के साथ ज्यादती की बात समझाने की कोशिश की। चुनाव प्रचार के दौरान मंईयां सम्मान योजना की राशि दो हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 2, 500 रुपये करने की चर्चा भी उन्होंने खूब की। कल्पना ने सरना धर्म कोड की भी बात की और यह भी कहा कि बीजेपी ने नेता बाहर के हैं, वे हमारी भाषा-संस्कृति तक नहीं जानते। ये भला हमारे लिए क्या नीतियां बनाएंगे। अपने सहज व सरल अंदाज से खासकर महिलाओं से संवाद करने में वे सफल रहीं। वे गांडेय सीट से चुनी गई हैं। महिलाओं की कल्याणकारी योजनाओं का भी असर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में गया। बेरोजगार महिलाओं के लिए मासिक सहायता, स्कूली लड़कियों को मुफ्त साइकिल, अकेली महिलाओं को नकद सहायता जैसी योजनाओं ने आदिवासी और कमजोर वर्ग की महिलाओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा के पाले में लाने का काम तो किया ही, इसके साथ मंईयां सम्मान योजना ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं को सालाना 12, 000 रुपये देने वाली इस योजना तथा सर्वजन पेंशन योजना ने हेमंत के पक्ष में संजीवनी का काम किया। फिलहाल झारखंड की करीब पचास लाख से अधिक महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत 2, 000 रुपये प्रतिमाह की मदद दी जा रही है। चुनाव के पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस राशि को बढ़ाकर 2, 500 रुपये कर दिया था। जबकि, गोगो दीदी योजना के तहत भाजपा ने 2, 100 रुपये प्रतिमाह देने का वायदा किया था। बिजली बिल माफ करना भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए फायदेमंद साबित हुआ। सरकार बनने पर आरक्षण का दायरा बढ़ाने का भी वादा किया गया।

आदिवासियों की भाजपा से नाराजगी की कई वजहें रहीं। पहली यह कि वे जानते हैं कि भाजपा की नजरें यहां की खनिज-सम्पन्न जमीनों और जंगलों पर हैं जिन्हें वह अपने कारोबारी मित्रों को देना चाहती है। फिर, जब यहां भाजपा शासन था और रघुबर दास मुख्यमंत्री थे, उस दौरान 2016 में छोटा नागपुर किरायेदारी अधिनियम और संथाल परगना अधिनियम में बदलाव की कोशिशें की गयीं जिनका सीधा नुकसान आदिवासियों को होने वाला था। सितंबर 2012 में बनी झारखंड सरकार की ऊर्जा नीति अक्टूबर 2016 में बदल दी गई।

इसके प्रावधानों में मामूली संशोधन किए गए और रघुवर दास की कैबिनेट ने उस पर मुहर लगा दी। इससे पहले झारखंड की भाजपा सरकार ने कोई सर्वे नहीं कराया और न किसी विशेषज्ञ कमेटी ने उसे ऐसा करने की सलाह दी। उस समय पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड विकास मोर्चा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति एक समूह को फायदा पहुंचाने के लिए बदल दी। ₹सरकार ने कई स्तरों पर गड़बड़ी की, न केवल ऊर्जा नीति बदली बल्कि जमीन की कीमत के निर्धारण, जनसुनवाई और पर्यावरण सुनवाई में भी फजीर्वाड़ा किया गया। एनटीपीसी, डीवीसी (दामोदर घाटी निगम) और नेशनल ग्रिड से तो सरकार बिजली खरीदती ही है। अदाणी समूह के झारखंड से बाहर स्थित प्लांट से 400 मेगावॉट बिजली खरीदने से भी सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ेगा। ये भाजपा के नकारात्मक पक्ष थे।

चुनाव में आदिवासियों के वोट लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह समेत सारी भाजपा उन्हें यह कहकर डराती रही कि कांग्रेस-झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार आई तो उनकी जमीनें ह्यघुसपैठियेह्ल हड़प लेंगे। यह डर झारखंड के साथ पश्चिम बंगाल के आदिवासियों को भी दिखाया जाता रहा। भाजपा के अनुसार ये बांग्लादेशी घुसपैठिये होंगे। उसका दावा है कि भाजपा की सरकार बनी तो आदिवासियों की जमीनों को हड़पने से रोकने के लिये कानून लाया जायेगा; जबकि आदिवासी जानते हैं कि उपरोक्त उल्लिखित दोनों अधिनियम इस मामले में पर्याप्त सक्षम है इसलिये इन इलाकों में भाजपा की सभाएं भी फीकी रहीं।

घुसपैठ का डर दिखाकर भाजपा साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का पुराना खेला कर रही थी ताकि हिन्दू-मुस्लिम कार्ड खेला जा सके, तो वहीं वह आदिवासियों को हिन्दू बतलाकर उसे वैमनस्य के खेल में एक पार्टी बना रही है। अमित शाह ने सरायकेला विधानसभा के आदित्यपुर की सभा में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा -कांग्रेस की सरकार आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने जा रही है। ह्ल उनके अनुसार भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। चंपई सोरेन के प्रति सम्मान दिखाकर आदिवासियों के वोट पाने का भी प्रयास भाजपा ने किया तभी तो शाह कह रहे थे कि ह्यझारखंड मुक्ति मोर्चा ने चंपई सोरेन का अपमान किया है।

यहां ध्रुवीकरण की कोशिशों के साथ साथ अब केन्द्रीय जांच एजेंसियों की छापेमारी भी हुई। झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता गणेश चौधरी पर आयकर का जो छापा पड़ा बकौल कल्पना सोरेन ह्यचंपई सोरेन के इशारे पर हो रहा है। ह्ल रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह में ये छापे मारे गये जिसका मकसद झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े लोगों को डराना था। सोरेन सरकार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर, उनके भाई विनय और सचिव हरेन्द्र सिंह के ठिकानों पर अक्टूबर के मध्य में ही ईडी द्वारा छापेमारी हुई थी। इसके बावजूद हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति लहर रही जिन्हें जेल में डालना यहां के लोगों के लिये ह्यझारखंडी अस्मिता पर हमलाह्ल था। स्पष्टतः भाजपा एक तरफ आदिवासियों को मुस्लिमों का डर दिखाकर वोट लेना चाहती थी, तो वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा नेताओं को छापों से डराकर चुनाव जीतने के हथकंडे अपनाए, जो नाकाम रहे।

जिस संथाल परगना क्षेत्र के लिए बंटोगे तो कटोगे का नारा गढ़ा गया, वहां की 18 सीट में से केवल एक जरमुंडी सीट बीजेपी जीत पाई। हिंदू वोटरों को एकजुट करने के लिए दिए गए इस नारे ने मुस्लिमों का ध्रुवीकरण कर दिया और उन्होंने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर दिया।

ह्यमाटी पुत्रों की पार्टीह्ल वाली छवि के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का इस पर बोलबाला है। वर्ष 2000 में बिहार से अलग होकर बने इस प्रदेश का प्रारम्भिक इतिहास राजनैतिक अस्थिरता तथा व्यापक भ्रष्टाचार का रहा लेकिन पिछले 5 वर्षों के दौरान हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री के रूप में न केवल स्थिरता दी बल्कि जमीनी स्तर पर भी जमकर काम किया। आदिवासियों के उत्थान हेतु वे बतौर मुख्यमंत्री बेहद सक्रिय रहे। राज्य के सर्वांगीण विकास के अलावा वे जल, जंगल व जमीन पर स्थानीयों के हकों की लड़ाई लड़ते रहे। इसलिये वे भाजपा की आंखों में खटकते रहे। उन्होंने इस राज्य में भाजपा का ह्यऑपरेशन लोटसह्ल नाकाम कर दिया। कथित जमीन घोटाले में जब उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से छापे डलवाकर कई माह तक जेलों की सलाखों के पीछे डाल दिया गया था, तब उनकी जगह पर बिठाये गये चंपई सोरेन के जरिये भाजपा ने सरकार गिराने की कोशिश की। जेल से बाहर आने पर जब उन्होंने अपना पद वापस सम्हाला तो चंपई सोरेन ने अपने कथित अपमान से नाराज होकर दल छोड़ दिया। फिर वे भाजपा में चले गये जहां हेमंत की भाभी सीता सोरेन पहले से आ चुकी थीं। इनके जरिये सरकार गिराने की भाजपायी कोशिशें भी नाकाम रहीं।

हेमंत सोरेन की यह जीत आदिवासीयत की एक बहुत बड़ी जीत है। उनके खिलाफ इडी, सीबीआई, मोदी, शाह, शिवराज, हेमंता, योगी सहित न जाने कितने दिग्गज नेता लगे थे। अब इस बड़ी जीत को हेमंत सोरेन को भरपूर सम्मान देना होगा, जनता की आकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना होगा और भाजपा को इस हार को विनम्रता से स्वीकार करना होगा।

## संपादकीय

### उकसावे की राजनीति

पश्चिमी उप्र के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा और तीन लोगों की मौत वाकई चिंता की बात है। पुलिस के आंसू गैस के गोले छोड़ने व लाठी चार्ज के बावजूद उग्र भीड़.ने कई गाड़ियों को फूंक ड़ाला तथा पुलिस बल पर पथराव किया। इसमें पुलिस वालों समेत तकरीबन बीस लोग घायल भी हो गए। ज्ञात है कि स्थानीय अदालत के आदेश के बाद जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का काम शुरू किया गया था। स्थानीय मंदिर के महंत का दावा है कि जिस जगह जामा मस्जिद है, वहां पहले हरिहर मंदिर था। उसी याचिका पर अदालत ने वीड़ियो व फोटोग्राफी समेत रिपोर्ट जमा कराने का आदेश दिया था। पथराव के आरोप में दो महिलाओं समेत पंद्रह लोगों को हिरासत में लिया गया। मामले में याचिकाकर्ता के वकील ही वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में भी वकील हैं। इससे समझा जा सकता है, इन लोगों की मंशा लंबी कानूनी लड़ाई की है। हालांकि इन लोगों का दावा है कि सर्वे का काम पूरा हो चुका है। दूसरे, सर्वे के दौरान मस्जिद कमेटी के सदस्यों समेत उनके वकील भी मौजूद थे। घटना से पहली रात में सारा सर्वे शांतिपूर्ण निपट चुका था। स्थानीय अधिकारियों को अंदेशा है, भीड़.किसी उकसावे के बाद जमा हुई। यह मस्जिद कब बनी, इसे लेकर भी विवाद है। इतिहासकारों के अनुसार इसकी मरम्मत का काम बाबर द्वारा कराया गया था। क्योंकि इसकी निर्माण शैली मुगलकालीन नहीं है। संभावनाएं हैं कि यह तुगलक काल में बनी हो। फिलहाल यह संरक्षित इमारत पुरातत्व सर्वे की निगरानी में है पर यह विवादित स्थल है। कुछ समय पहले हिन्दू समुदाय यहां जबरन पूजा करने भी जा चुका है, परंतु पहली बार मामला अदालत में ले जाने को राजनीतिक विवाद बनाकर सुर्खियां समेटने का काम अधिक लगता है। मस्जिद के सामने की तरफ हिन्दू तो पिछवाड़े. मुसलमानों की बस्ती है। जहां हमेशा नियमित नमाज पढ़ी जाती रही है। मामूली विवाद बने रहने के बावजूद कभी इस तरह का कोई तनाव नहीं हुआ। अयोध्या में विवादित स्थान पर मंदिर बनने के बाद से राजनीतिक लाभ के लोभ में इसे फॉमूले के तौर पर प्रयोग किए जाने की मंशा अधिक लग रही है। राज्य सरकार या विपक्ष को यह शोभा नहीं देता। शांति-व्यवस्था बनाए रखने और सभी नागरिकों को सुरक्षा देने का जिम्मा निभाने में उसे कोताही नहीं बरतनी चाहिए। इस तरह के धार्मिक विवादों से देश की छवि बिगड़ती है।



### सूक्ति

विजयी व्यक्ति स्वभाव से, बहिर्मुखी होता है। पराजय व्यक्ति को अन्तर्मुखी बनाती है। – प्रेमचंद

जो कर्म छोड़ता है वह गिरता है, कर्म करते हुए भी जो उसका फल छोड़ता है वह चढ़ता है। – महात्मा गांधी

# पाकिस्तान में इमरान के लिए प्रदर्शन और राजनीतिक संकट



डॉ हिदायत अहमद खान

पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल से ही रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल के अंदर से ही 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसी के साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने 26वें संशोधन को तानाशाही शासन को बढ़ावा देने वाला बताया। इस समय इमरान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी ठहरा दिया गया है, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई जारी है। ऐसे में जारी विरोध प्रदर्शनों का पाकिस्तान के सियासी हलके में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य इमरान की रिहाई है, लेकिन कब यह वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने वाला बन जाए कहा नहीं जा सकता है। यही वजह है कि पंजाब और इस्लामाबाद में पुलिस ने पीटीआई के 3500 से ज्यादा नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रदर्शन पर उल्टा ही असर पड़ा है। यही वजह है कि गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखे हुए हैं। प्रभावी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अब अमेरिका ने भी पाकिस्तान सरकार को नसीहत देनी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान में प्रदर्शन करने वालों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। बात साफ है कि जब प्रदर्शन शांतिमय ढंग से हो रहा है तो उन पर जोर-जबरदस्ती करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि सरकार को चाहिए कि वह प्रदर्शनकारियों से बात-चीत के रास्ते खोले, जैसा कि अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है।

# मुद्दा : प्रदूषण से चाहिए मुक्ति



रजनीश कपूर

जब भी कभी हम विदेशों की सड़कें और राजमार्गों पर फर्राटे से दौड़तीं गाड़ियों को देखते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि हमारे देश में ऐसे दृश्य कब दिखेंगे। आजादी के इतने दशकों बाद भी हमारे देश की सड़कों के हाल बेहाल है। राजनैतिक दल सत्ता में आते-जाते रहते हैं पर इन बुनियादी सुविधाओं पर किसी भी दल का ध्यान नहीं जाता, लेकिन बीते कुछ वर्षों में सड़कों व राजमार्गों के बनने में तेजी अवश्य आई है। वो अलग बात है कि चुनावी घोषणाओं के दबाव में और जल्दबाजी में इन सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। राजनैतिक दल कोई भी हो राजमार्ग बनाने की जल्दी में किसी ने भी राजमार्गों पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए, जबकि विदेशों में राजमार्गों पर होने वाले हादसों के प्रति वहां की सरकारी और नागरिक काफी संवेदनशील हैं। दो वर्ष पहले जब मशहूर उद्योगपति साइरस मिस्त्री की एक सड़क हादसे में मृत्यु हुई थी तो सड़क नियमों को लेकर काफी चर्चा हुई। इस हादसे के पीछे कई कारण बताए गए, जैसे की तेज गति, हादसे की जगह सड़क का कम चौड़ा होना, आदि। परंतु बुनियादी सवाल यह है कि किसी अमीर व्यक्ति द्वारा चलाई जाने वाली महंगी लग्जरी कार हो या किसी मामूली ट्रक या बस ड्राइवर द्वारा चलाए जाने वाला साधारण वाहन, क्या वाहन चलाने वाले और परिवहन नियम लागू करने वाले अपने-अपने काम के प्रति जिम्मेदार हैं? क्या ये कहना गलत नहीं होगा कि हमारे देश में सड़क सुरक्षा और परिवहन के नियम और कानून दोनों ही काफी लचर हैं। यही कारण है कि भारत में सड़क दुर्घटनाएं और देशों की तुलना में काफी ज्यादा होती हैं? यदि कानून की बात करें तो हमारे देश के कानून इतने लचर हैं कि सड़क दुर्घटना में यदि किसी की मृत्यु भी हो जाती है तो वाहन चालक को बड़ी आसानी से जमानत भी मिल जाती है। ज्यादातर ट्रक व बस ड्राइवरों को भी इस बात का पता है कि उन्हें कड़ी सजा नहीं मिलेगी। सड़क नियम और कानून को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी केवल ट्रैफिक पुलिस की नहीं होनी चाहिए। इनको लागू करने के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाने चाहिए। होता यह है कि देश भर में सड़क व यातायात नियमों के लिए केवल साल में एक ही बार ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। यदि ऐसे जागरूकता अभियान महीने में एक बार चलाए जाएं तो ड्राइवरों और आम जनता के बीच जानकारी सही से पहुंचेगी। वे जागरूक होंगे और नियम तोड़ने से पहले कई बार सोचेंगे। इसके साथ ही कानून में भी कड़ी सजा के प्रावधान होने चाहिए जिससे कि सभी के बीच एक संदेश जाए कि यदि सड़क और यातायात नियमों को अनदेखा किया या उन्हें तोड़ा तो उसका परिणाम महंगा पड़ेगा। कड़े कानून लागू होने की बात करें तो होता यह है कि कई सड़कों पर और राजमार्गों पर कुछ निर्धारित स्थानों पर स्पीड चेक करने वाले कैमरे लगे होते हैं। इनकी जानकारी वहां से नियमित रूप से निकालने वाले ड्राइवरों को पहले से ही होती है। इसलिए वे उस जगह पर अपनी गाड़ी को नियंत्रित गति से चलाते हैं। ऐसे में दुर्घटनाएं टल तो जाती हैं परंतु जैसे ही वो कैमरे की दृष्टि से दूर होते हैं, वैसे ही गाड़ी के एक्सलेरेटर को जोर से दबा देते हैं। मतलब यह हुआ कि केवल चालान से बचने की नीयत से ही वे गाड़ी को निर्धारित गति से चलाते हैं, जबकि यह तथ्य जगजाहिर है कि यदि आप अपनी गाड़ी को नियंत्रित गति से चलाते हैं तो न सिर्फ दुर्घटना टलती है बल्कि ईंधन भी कम खर्च होता है।

सरकार और ट्रैफिक पुलिस को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि जो कैमरे तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों का चालान करते हैं, उनसे अधिक काम भी लिया जा सकता है। स्पीड कैमरे की तकनीक की बात करें तो उसमें लगे रेडार से एक सिग्नल जाता है जो केवल तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ी की ही फोटो खींचते हैं। यदि इसी तकनीक में थोड़ा सा सुधार किया जाए तो वही कैमरा कई ट्रैफिक उल्लंघनों की फोटो भी खींच सकता है। ये सब बातें मैं इसलिए कह रहा हूं कि जब आज से कुछ वर्ष पहले मैं लंदन की यात्रा पर था तो वहां मेरे स्थानीय मित्र ने गाड़ी को राजमार्ग पर लाने से पहले चश्मा लगा लिया। मेरे पूछने पर उन्होंने बताया कि, 'मेरी गाड़ी और ड्राइविंग लाइसेंस पर जो फोटो लगी है उसमें मैंने मामूली नंबर का नजर का चश्मा पहना हुआ है। यदि मैं बिना चश्मे के गाड़ी चलाऊंगा तो मेरा चालान हो जाएगा।' उनका मतलब यह था कि जगह-जगह लगे कैमरे हर पहलू को पकड़ लेते हैं। आज के सूचना प्रौद्योगिकी के युग में एक से बढ़कर एक गुणवत्ता वाले कैमरे उपलब्ध हैं जो इन सभी पहलुओं को पकड़ सकते हैं। जरूरत केवल सही सोच और पहल करने की इच्छा की है। देखना यह है कि हमारे देश में ऐसे बदलाव कब होंगे? केवल चुनावी घोषणाओं के चलते नये-नये राजमार्ग खोलने से कुछ नहीं होगा। सड़क और यातायात नियमों को सख्ती से लागू भी किया जाए। शायद तभी हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए।

# पुत्रों की पिटाई करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर महिला ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत



संस्कार उजाला

पीलीभीत। पुत्रों की बेरहमी से पिटाई करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुत्रों की माँ ने एसपी से मामले की शिकायत की है। महिला का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद मुकदमे की विवेचक ने आरोपियों से साठगांठ कर ली है। जिसके चलते आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पीड़िता ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग एसपी से की है। सुनगढ़ी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले की रहने वाली वीरवती ने एसपी को दिए हुए शिकायत पत्र में बताया है कि पडोसी ताराचन्द्र पुत्र डोरीलाल उज्जवल, व वृजवाल उर्फ निवेश, पुत्रगण ताराचन्द्र व रतनेश पत्नी ताराचन्द्र, कान्ता प्रसाद पुत्र डोरीलाल, अंशू बाबू पुत्रगण कान्ता प्रसाद से दिनांक 22.10.2024 को प्रार्थिनी के पुत्र जीतू व बन्टी पर उक्त आरोपियों ने लोहे की राड़ मार दी थी। जिससे उसके दोनों पुत्रों के सिर पर काफी चोटे आई थी। जिसकी शिकायत थाना सुनगढी में की गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। और विवेचना के समय चोट के आधार पर धाराओं में वढोत्तरी की गयी थी। जिसके बाद से पीड़िता का पुत्र आज भी कोमा है। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक उक्त आरोपियों को गिरफ्तार नही कर रही है और न ही उन्हें तालाश कर रही है। आरोप है कि कोतवाली में तैनात दरोगा सही ढंग से मुकदमे विवेचना नही कर रहा है। पीड़िता ने बताया है कि वह जब भी आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में कहती है। तो उक्त दरोगा टाल मटोल करके प्रार्थिनी को थाने से भगा देता है। पीड़िता के दोनो पुत्र काफी गम्भीर रूप से घायल है। प्रार्थिनी के बडे पुत्र बन्टी के हाथ में फैक्चर व सिर में टांके आये है और दूसरा पुत्र जीतू अभी भी कोमा है।और उक्त आरोपी पीड़िता को जान माल की धमकिया देते हुये खुलेआम घूम रहें है। और समझौते का दबाब बना रहें है और कहते है कि अगर समझौता नही करोगे तो तुम्हे ऐसे ही मारते रहेगे। और उक्त मुल्जिमान दबंग प्रवृत्ति के है और पैसे वाले है। जिससे उक्त मुल्जिमानो को कोई खौप नही खाते है। महिला ने एसपी से मामले की शिकायत कर आरोपियों को गिरफ्तार करवाकर जेल भिजवाने की मांग की है।

# शिशु वाटिका मेले का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

संस्कार उजाला

पूरनपुर,पीलीभीत। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्या भारती कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन करती है जिसके अंतर्गत शिशुओं के विकास हेतु विद्या भारती का एक कार्यक्रम शिशु वाटिका संचालित किया जाता है,इसके दृष्टिगत विद्यालय आर एस आर डी सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर में शिशु मेला का आयोजन किया गया।इस मेले में शिशुओं एवं उनके आचार्यो ने कई प्रकार के स्टाल लगाए गये।शिशु मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,शिशु वाटिका संयोजक ब्रज प्रदेश राम किशोर एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के किया गया।शिशु मेले में शिशु एवं उनके आचायाओं के द्वारा लिट्टी-चोखा, पेस्टी, पापकार्न,कॉटन कैंडी,पानी-पुरी, भेलपुरी,मूंगफली और कई गेम्स के स्टॉल लगाए गए।इस मेले के आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### सिंभावली पुलिस एवं एसटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने रंगदारी मांगने के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



संस्कार उजाला
**रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में अपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर अपराधियों पर की जा रही कमर तोड़ कार्यवाही अभियान के तहत सिंभावली पुलिस एवं एसटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम के द्वारा मु॰अ॰स॰316/24/ 308(4)351(2) 351(3)बीएनएस से संबंधित अभियोग में वांछित चल रहे। अभियुक्त रिंकू पुत्र जितेंद्र निवासी बिरसिंहपुर थाना सिंभावली को रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही के साथ भेजा जेल।

### एसपी ने संविधान दिवस पर पुलिस अधिकारी कर्मचारी गणों को राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने की दिलाई शपथ



संस्कार उजाला

**हापुड़**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा मेरठ रोड पर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी गणों को 26 नवंबर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस के अंगीकृत होने पर प्रकाश डालते हुए। बताया गया कि 1949 ई॰ एतद्वारा संविधान को अंगीकृत अधिनियमित आत्मार्पित करने के साथ संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्रदान कराते हुए। संविधान में निहित मूल्यों आदर्शों उद्देशिकाओं का स्मरण कराने के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने को लेकर सभी को शपथ दिलाई गई।

### सिंभावली आरएस के डिग्री कॉलेज में योग शिविर का किया गया आयोजन



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़ मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत हिम्मतपुर रोड पर स्थित आरएसके डिग्री कॉलेज में मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा॰ शैलेन्द्र कुमार गुप्ता एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डा॰ अशोक कुमार राना हापुड़ के दिशा निर्देशन में योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सिखैडा हापुड़ के योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा द्वारा आर एस के डिग्री कॉलेज सिम्भावली हापुड़ में योग शिविर लगाया गया। जिसमें 110 छात्र छात्राओं एवं स्टाफ को योगाभ्यास कराया गया।जिसमें ताड़ासन तिर्यक ताड़ासन त्किोणासन पादहस्तासन हस्तोतासन वृक्षासन पश्चिमोत्तानासन पवनमुक्तासन सर्वांगासन भुजंगासन शलभासन धनुरासन चक्ासन वज्ासन प्राणायाम कपालभाति अनुलोम-विलोम भा्मरी और सभी को स्वस्थ दिनचर्या के बारे में विस्तार से बताया गया । वही इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ विजय गर्ग, डा चारू शर्मा, डॉ ललित त्यागी, डॉ अर्चना चाहर, जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड से श्री प्रकाश शर्मा डॉ अनिल त्यागी डॉ शुर्भी मित्तल मौजूद रहे योग सहायक जयवीर सिंह का सहयोग रहा।

### संविधान दिवस के अवसर पर एसोसिएशन फार प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया




संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**गोण्डा**-मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर एसोसिएशन फार प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के बैनर तले मोहल्ला इमामबाड़ा स्थित एडवोकेट सैय्यद महमूद अली आकिफ के आवास पर 'संविधान दिवस , चर्चा -परिचर्चा ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया , कार्यक्रम की अध्यक्षता एपीसीआर के जिलाध्यक्ष श्री शेख शम्स और संचालन सिक्रेट्री एडवोकेट सैय्यद महमूद अली आकिफ ने की` कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय संविधान के महत्व को उजागर करते हुए इसके संरक्षण के लिए सभी नागरिकों से एक होकर कार्य करने और जागरुक्ता लाने पर जोर दिया , एडवोकेट सैय्यद महमूद अली आकिफ ने एपीसीआर की स्थापना और इसके द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि इस प्लेटफार्म से हम अपने आसपास के उन सभी लोगों की कानूनी मदद कर सकते हैं जो आर्थिक और सामाजिक तौर पर कमजोर हैं और उन्ही कानूनी मदद की जरूरत है`इस मौके पर सय्यद जाहिद अली, मोहम्मद चाँद, नूर मोहम्मद, सालिक, मोहम्मद साइम, हारिस खान, तौहीद, मुबारक, आदि मौजूद रहे.

# देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस





संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर** गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर रोड पर स्थित देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भारत की संवैधानिक परम्परा,मूल्य, अधिकार,कर्तव्य एवं समावेशी न्याय के प्रति स्वीकृति का प्रतीक 'संविधान दिवस'बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। विदित रहे कि 26 नव नवंबर को प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर नवीन पीढ़ी को संविधान की श्रेष्ठता,गुणों एवं महत्व से जागरूक करने के लिए विद्यालय के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यापकों द्वारा 'संविधान दिवस' पर अपने विचारों को प्रस्तुत कर छात्रों को संविधान में विश्वास एवं आस्था के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती मंजु चौधरी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर छात्रों को अपने देश के प्रति कर्तव्य और अधिकारों से अवगत कराया। तथा यह आह्वान किया कि हम सब एक हैं और इस एकता का सूत्रधार हमारा संविधान है।उन्होंने हमारा संविधान,हमारा स्वाभिमान के नारे द्वारा छात्रों को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध किया। विद्यालय प्रबंध राजेंद्र चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान हमारे जीवन,मूल्य, व्यवहार एवं परंपरा का जीवंत दस्तावेज है। और इसकी मजबूती के कारण ही हम ₹एक भारत श्रेष्ठ भारत₹की ओर बढ़ रहे हैं।उन्होंने संविधान को भारत के पवित्र ग्रंथों में से एक बताया। जिसके कारण ही स्वतंत्रता,समरसता न्याय स्थापित होता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह,ब्रज सिंह, अशोक चौधरी ,आराधना लतवाल,आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण अंचल क्षेत्र में आज भी झलकती है भारत की संस्कृति एक दूसरे की मदद करने के साथ मानवता और प्यार



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/भारत के ग्रामीण अंचल क्षेत्र में आज भी झलकती है भारत की संस्कृति और विषम परिस्थितियों में एक दूसरे की मदद करने के साथ मानवता और प्यार। जिसका जीता जागता उदाहरण गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र में देखने को मिला है। जिसमें डॉ अनिल मोरल और ग्रामीणों का सराहनीय कार्य, गरीब की बेटी की शादी का उठाया जिम्मा है। बता दें कि हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के एक गांव में गरीब मजदूर की बिटिया की शादी के लिए डॉक्टर अनिल मोरल और उनकी टीम आगे आई। बेटी की शादी के लिए गरीब पिता लगभग 15 दिन पहले डॉ अनिल मोरल से मिले की मुझे अपनी २ बिसा खेत की जमीन बेच कर बिटिया की शादी करनी है। जिसको सुनकर डॉ अनिल मोरल ने आजाद सेन से कहा की आजाद भाई जैसे आपकी बेटी है। ऐसे ही हम सब की बेटी है।बेटी की शादी के लिए जमींन बेचने की जरुरत नहीं है। हम सब दोस्त मिलकर बेटी की शादी को अपनी बेटी की शादी समझकर निर्वहन करेंगे। इसके बाद डॉक्टर अनिल मोरल के द्वारा शिव मंदिर नानपुर ग्रुप में जुड़े। सभी दोस्तों के साथ साथ कई अन्य साथियो से भी इस शादी में किसी न किसी रूप में सहयोग करने को कहा इसके बाद उनकी टीम और ग्रामीणों ने बिटिया की शादी में सहयोग किया।किसी ने एलईडी तो किसी ने फर्नीचर किसी ने सैफ संदूक तो किसी ने बिजली का सामान किसी ने बर्तन तो किसी ने पैसे आदि देकर गरीब बिटिया की धूमधाम से शादी कर बेटी की विदाई की गई। इस शादी को देखने से लगता हैं कि आज भी कहीं ना कहीं ग्रामीण अंचल क्षेत्र में में भारतीय संस्कृति और आपस का भाईचारा कायम है। अगर एक व्यक्ति पर किसी प्रकार की मुसीबत आती है। तो पूरा गांव उसकी मदद के लिए दौड़ता है। यही साबित कर दिया इस शादी ने। ग्रामीणो के लिए मिसाल बन गई है शादी। इस शादी में गांव के जो युवा बाहर रहते हैं। उन्होंने भी तन मन धन से मदद की।

# एसएसबी 42वीं वाहिनी के ने मनाया 75 वाँ संविधान दिवस



संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**
**नानपारा बहराइच**

दिनांक 26.11.2024 को 42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बत्त, बहराइच के कार्यवाहक कमांडेंट श्री दिलीप कुमार के निर्देशन में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कार्मिकों ने भारत के संविधान की शपथ ली तथा साथ ही अवगत कराया कि संविधान दिवस, जिसे राष्ट्रीय विधि दिवस भी कहा जाता है, हर वर्ष 26 नवम्बर को मनाया जाता है। इसी दिन, 26 नवम्बर 1949 में, भारतीय संविधान सभा में सभा ने संविधान को अंगीकृत किया था जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ । इस वर्ष 2024 में, संविधान दिवस के 75 वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ₹हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान₹ थीम के तहत वर्ष भर चलने वाले स्मरणों उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिको को संविधान के महत्व, उसके मूल्यों और सिद्धान्तों के प्रति जागरूक करना है। यह दिन हमें हमारे मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, जो एक सशक्त और समृद्ध लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। संविधान दिवस के इस विशेष अवसर पर, हम सभी को संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ हा करना चाहिए और उसके मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

# विकास खण्ड फखरपुर में 30 नवम्बर को आयोजित होगा रोजगार मेला

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय/माडल कैरियर सेण्टर के संयुक्त तत्वावधान में नवीन पोर्टल रोजगार संगम के माध्यम से विकास खण्ड परिसर फखरपुर में 30 नवम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के कुल 06 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एव आयुर्वैदिक प्रा.लि. द्वारा फील्ड आफिसर एवं ब्लाक आफिसर के 45 पदों पर 18 से 45 वर्ष तथा स्नातक उत्तीर्ण, वेतन रू. 15,500, पशुपति नाथ बायोटेक्नालजी प्रा.लि. द्वारा एस.आर. के 40 पदों पर हाईस्कूल उत्तीर्ण आयु 18 से 25 वर्ष, वेतन 9,5000 प्रतिमाह देय होगा। जीवन बीमा कार्पोरेशन आफ इन्डिया द्वारा बीमा सलाहकार के 20 पदों पर आयु 18 से 60 वर्ष हाईस्कूल उत्तीर्ण, वेतन 15,000 प्रतिमाह। क्वैस कार्प लिमिटेड के इलेक्ट्रिकल एण्ड हेल्पर के 50 पदों पर स्नातक/आईटीआई उत्तीर्ण आयु 18 से 40 वर्ष वेतन 15,500 प्रतिमाह, पीपल ट्री आनलाइन प्रा०लि० वेयर हाउसेस एसोसिएट के 50 पदों पर आयु 18 से 23 वर्ष स्नातक/आईटीआई उत्तीर्ण वेतन रू. 18,500 प्रतिमाह तथा पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. फील्ड एक्जीक्यूटिव के 50 पदों पर हाईस्कूल उत्तीर्ण आयु 18 से 25 वर्ष वेतन रू. 8,500 प्रतिमाह देय होगा। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवा योजन कार्यालय में नवीन पोर्टल रोजगार संगम पोर्टल में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 30 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विकास खण्ड फखरपुर में उपस्थित होकर रोजगार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

# भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानो की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



संस्कार उजाला
**जिला प्रभारी अमित शर्मा**

**हापुड़ः**-संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर और भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के निदेर्शानुसार कलेक्ट्रेट का घेराव कर पंचायत आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल और संचालन जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद ने किया और एसडीएम को ज्ञापन दिया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर और भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के दिशा निदेर्शानुसार कलेक्ट्रेट का घेराव कर एसडीएम इला प्रकाश श्रीवास्तव को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में जनपद स्तरीय किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया है। जैसे की समस्या नम्बर (1) सिंभावली शुगर मिल में एक टरबाइन पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है जिसके कारण किसानों के खेत गन्ने की फसल से खाली नही हो पा रहे है। समस्या नम्बर (2)- सरकार द्वारा किसानों को राहत देने की बात कही गई थी कि गन्ना मूल्य बढ़ाया जाएगा जोकि अभी तक नही बढ़ाया गया जोकि अतिआवश्यक है। समस्या नम्बर (3)-नहरों में पानी नही आ रहा है जिस कारण किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है।समस्या नम्बर(4) सिंभावली शुगर और ब्रजनाथ पुर शुगर मिल पर पिछले वर्ष का बकाया गन्ना भुगततान किसानों का करीब 150 करोड़ रुपए है जो अभी तक नही मिल पर रह है जिस कारण किसान परेशान है। (5)-आवारा पशुओं की धरपकड़ नही हो पा रही जबकि सरकार द्वारा कई बार कहा गया है कि आवारा पशुओं की धतपकड जल्द ही कराई जाए। समस्या नम्बर(6)-किसानों को समस्त जनपद स्तर पर यूरिया खाद व डीएपी सही ढंग से वितरण नही की जा रही है।जिसके किसी चलते लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो रही है यह सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। वही इस अवसर पर एसडीएम को ज्ञापन देने के दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, महिलाविंग जिला उपाध्यक्ष पूनम शर्मा जिला महासचिव रमा शर्मा,क्षेत्रीय अध्यक्ष नोशाद अली, जिला कार्यकारणी सदस्य डॉक्टर मतलूब, गढ़ ब्लॉक,सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली,जिला संरक्षक पीके वर्मा,जिला महासचिव कैप्टन राजेश चौधरी, तहसील गढ़ अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी,गढ़ नगर अध्यक्ष जगबीर सिंह, प्रदीप चौधरी,बिल्लू त्यागी, ओमबीर सिंह, जन्म सिंह,अखिल चौधरी, फैजान अब्बासी,आमिर चौधरी,सुंदर गुर्जर समेत मौजूद रहे।

# वाह रे स्वास्थ्य विभाग हापुड़ का हो तो क्या कहने कभी मरीज के सिर में टांके लगाते समय डॉक्टर सुई छोड़ देते है तो कभी पैर में चोट लगने पर सिर का एक्स-रे लिख देते है





संस्कार उजाला

**हापुड़**/सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की लापरवाही और कार्य शैली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह अस्पताल में आने वाले मरीजों का इलाज कितनी सतर्कता निष्ठापूर्वक जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। कभी मरीज के सिर में टांके लगाते समय सुई छोड़ देते हैं। तो कभी मरीज के पैर में चोट लगी होने पर सिर का एक्स-रे लिख देते हैं। गौरतलब रहे कि गत दिनों गढ़मुक्तेश्वर सीएचसी में एक बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नानई निवासी युवती सितारा पुत्री लियाकत खान के सिर में लगी चोट के चलते टांके लगाते समय डॉक्टर के द्वारा जख्म के अंदर सुई छोड़ दी गई थी। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की काफी किरकिरी हुई थी। लेकिन फिर भी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर अपनी लापरवाही छोड़ने को तैयार नहीं है। जिसका जीता जागता उदाहरण फिर से गढ़ रोड पर स्थित सीएचसी में तैनात डॉक्टर के द्वारा देखने को मिला है। जिसमें एक मरीज के पैर में चोट का इलाज करने की जगह उसके सिर का एक्स-रे लिख दिया। जिसकी शिकायत मरीज के द्वारा सीएमओ से करने पर जांच के आदेश दिए गए हैं। पीड़ित मरीज हापुड़ के गांव शाहपुर जटट निवासी शोकेंद्र ने बताया कि वह सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए गया था। उसके सिर में नहीं पैर में चोट लगी हुई है। फिर भी सीएचसी हापुड़ के चिकित्सक द्वारा सिर का एक्स-रे लिख दिया। जिसकी शिकायत उसके द्वारा सीएमओ से की गई है। जिसमें इस मामले को लेकर सीएचसी अधीक्षक महेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी का कहना है कि इस तरह के मामले गंभीर हैं। लापरवाही नहीं होनी चाहिए मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। देखने योग्य बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में तैनात डॉक्टरों के द्वारा मरीजों के साथ बरती जा रही गंभीर लापरवाही का आखिर जिम्मेदार कौन।

# एसपी के निर्देश पर बाबूगढ़ थाना परिसर में खड़े 2004 से 2023 तक अभियोग से संबंधित 90 वाहनों की 7,11000 में नीलामी हुई संपन्न



संस्कार उजाला

**हापुड़**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देशन में बाबूगढ़ थाना परिसर में सन 2004 से 2023 तक अभी योगी से संबंधित लंबित माल लावारिस एवं चीज सीजशुदा 90 वाहनों की नीलामी नियमानुसार भीम के साथ संपन्न हुई। जिसमें बोली दाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। और बोली लगाते हुए प्रथम बोली 7,11000 की लगाई गई जिस पर नीलामी प्रक्रिया संपन्न की गई।

# माननीय उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त पत्रांक संख्या 4405/एसएसलएसए-23/2017



संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर,** दिनांक 18 नवम्बर 2024 के दिषा निर्देषों के अनुक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीष/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण षाहजहॉपुर श्रीमती बबीता रानी के निर्देषानुसार आज दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय षाहजहॉपुर में माननीय जनपद न्यायाधीष महोदया श्रीमती बबीता रानी के द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण को 26 नवम्बर संविधान दिवस के बारे में बताया कि संविधान दिवस मनाने का उद्देष्य लोगो को संविधान की मूल बाते और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। उन्होने बताया यह दिन हमे यह याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देष में रहते है, जहॉ सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है। इसके बाद माननीय महोदया द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। तत्पष्चात भारतीय संविधान के मौलिख कर्तव्यों की षपथ दिलायी गयी। इसके उपरांत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्री पीयूश तिवारी की अध्यक्षता में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मौलिक कर्तव्य व संविधान के अंतर्गत दायित्वों व अधिकारों के बारे में जागरूकता हेतु विषेश कार्यक्रम का आयोजन जिला कारागार षाहजहॉपुर में उपस्थित सभी बंदियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। तथा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह पिपरौला षाहजहॉपुर में भी किषोरों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। तथा स्वामी शुकदेवानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय कॉलेज में भी उक्त कार्यक्रम वा संगोष्ठी का आयोजन किया गया

## संक्षिप्त डायरी

### संविधान दिवस 26 नवंबर 2024 को स्वतंत्रता के अमृतकल के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय ककराला में मनाया गया

संस्कार उजाला
**मनोज त्यागी**



**सहारनपुर।** संविधान दिवस 26 नवंबर 2024 को स्वतंत्रता के अमृतकल के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय ककराला (सहारनपुर) में मनाया गया क शपथ ग्रहण समारोह जिसमें सबसे पहले सभी अभिभावकों व बच्चों को विद्यालय परागण में संविधान शपथ दिलाई गई क उसके बाद मास्टर बलराज देशवाल ने संविधान दिवस के शुभ अवसर पर संविधान के बारे में विस्तार से चर्चा की कजिसमें बताया गया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किया गया, जो कि दिनांक 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था कजिससे भारतीय इतिहास में एक नए युग का प्रारंभ हुआ और संविधान को अपनाये जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हम लोगों के द्वारा आज हर वर्ष की भांति शपथ समारोह कार्यक्रम रखा गया है कहमें इस उत्सव को , हमारा संविधान हमारा सवाभिमान के रूप में भी मनाया जाना चाहिए । इस कार्यक्रम में चौधरी संग्राम सिंह , यशपाल सिंह , मास्टर रियाज खान , मंगल सिंह व विद्यालय के बच्चों द्वारा भाग लिया गया था

### सपा नोएडा महानगर ने मनाया संविधान दिवस: लिया संविधान की रक्षा का संकल्प

संस्कार उजाला नोएडा



सपा नोएडा महानगर संगठन द्वारा सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया। सपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। सभी लोगों ने 26 /11 में जो लोग शहीद हुए थे।उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा और उनको याद करने का काम किया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि संविधान के द्वारा हम भारतवासियों को अनेक मौलिक अधिकार प्राप्त हुए हैं । केंद्र सरकार और संघ एवं भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान को बदल देना चाहते हैं। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी वह जयकरण चौधरी ने कहा कि संविधान सुरक्षित रहेगा तभी पत्रों को आरक्षण और सुविधाओं का मिलना जारी रह सकेगा। उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद वह विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा कि संविधान की रक्षा हम सब का दायित्व है इसकी रक्षा के लिए समाजवादी सोच को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव विकास यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में मोहम्मद तसलीम, रामवीर यादव, राम सहेली, बबली शर्मा, शालिनी खारी, सतवीर यादव, बाबूलाल बंसल, राणा मुखर्जी,बाबा जयवीर,शादाब खान, सौरभ चौहान, आसिफ अंसारी ,विश्वास ,मयंक कुमार लाल, देवेंद्र खारी,गुलजार,मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### जहांगीरपुर बिजली घर पर रिश्वतखोरी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा

संस्कार उजाला
**जहांगीरपुर (सुहैल खान)**



भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले ठाकुर देवेंद्र सिंह जादौन युवा तहसील अध्यक्ष खुर्जा के नेतृत्व पंचायत में एठ और खए की उपस्थिति रहे किसने की जो समस्याएं थी जिसमें खए के खिलाफ रिश्वत खोरी और भ्रष्टाचार को लेकर उनको समस्याएं सामने आई जिनका कोई समाधान ना होने के कारण धरना प्रदर्शन अनिश्चित कालीन चलता रहेगा और मुख्य अधिकारियों के खिलाफ 29 नवंबर दिन शुक्रवार को जहांगीरपुर थाने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक महापंचायत होगी आज की पंचायत में उपस्थित रहे पवन चोरौली युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज मावी जिला अध्यक्ष नोएडा, प्रकाश फौजी वरिष्ठ पदाधिकारी ,सुरेश कुमार मंडल प्रचार मंत्री, मुकेश तायल, टेकचंद शर्मा ,अवधेश छोकर ,अरुण भाटी मंडल सचिव,यशवीर नेताजी ,शीशपाल, रमेश ,कमलेश चौधरी ,हरेंद्र सिंह, मानसिंह महासचिव बुलंदशहर, पप्पू प्रधान जी दरोडा मंडल सचिव ,श्रीपाल सिंह तहसील संरक्षण, तेजवीर फौजी, राहुल तहसील अध्यक्ष सिकंदराबाद सौरभ जिला सचिव ,छत्रपाल सिंह रामवीर सिंह गौतम मंडल महासचिव मेरठ, कमल किशोर शर्मा युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष खुर्जा ठाकुर सतपाल सिंह धाकरे युवा जिला सचिव बुलंदशहर, सुरेश डी एम, चौधरी प्रवीन तोमर प्रदेश प्रचार मंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे

### दुल्हा शराब के नशे में लेकर पहुंचा बारात, दुल्हन ने शादी से किया इंकार शराब के नशे में बरातियों और घरातियों के बीच जमकर हुई मारपीट

संस्कार उजाला



**शाहजहांपुर।** जलालाबाद कस्बा में धूमधाम से बारात आई। कन्या पक्ष के लोगों ने बर पक्ष के लोगों का स्वागत सत्कार किया। लेकिन बारातियों का शराब के नशा में होने के कारण बवाल हो गया। बारातियों के साथ दुल्हा भी नशे में धुत था जिससे दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। बाद में दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया जिससे बारात को वापस लौटना पड़ा। मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ। नगर के मोहल्ला प्रेम नगर में रोजा क्षेत्र से एक बारात आई थी जिसमें बाराती शराब के नशे में धुत थे खाना खाते समय किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। कहासुनी इस कदर बढी कि मामला मारपीट तक जा पहुंचा जमकर प्लेट और कुर्सियां चली। कई लोगों के चोटे भी आई दूल्हा भी शराब के नशे में धुत था जिसे देखकर दुल्हन का पारा भी हाई हो गया। उसने शादी करने से इनकार कर दिया। मामला थाने पहुंचा जहां कन्या पक्ष और बर पक्ष दोनों तरफ से तहरीर दी गई और लेनदेन और खर्च को वापस कराए जाने पर मामला लटक गया। लेकिन रिश्ते दारों ने हस्तक्षेप कर वर व कन्या पक्ष के बीच समझौता हो गया

# विभिन्न देशों से आए 30 सिविल सेवकों के प्रतिनिधिमंडल ने ली जिला प्रशासन एवं पुलिस के कार्यों की जानकारी

☛सिविल सेवकों ने प्रशासनिक एवं भौतिक संरचना को गहराई से जाना

☛डीएम ने प्रशासनिक सेवाओं, राजस्व कार्यों एवं अधिकारियों की कार्य प्रणाली के बारे में दी विस्तार से जानकारी

☛एसपी सिटी ने पुलिस एवं कानून व्यवस्था को विस्तार से बताया

☛मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के विकास कार्यों के बारे में दी जानकारी

संस्कार उजाला ब्यूरो
**सहारनपुर,** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में श्रीलंका, मलेशिया, मालदीव, कम्बोडिया, ओमान, कीनिया, तंजानिया, सेशल और म्यांमार से आए 30 सिविल सेवकों के प्रतिनिधि मण्डल को जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी। सिविल सेवकों द्वारा विभिन्न विषयों से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए जिसका जवाब जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया गया। सर्वप्रथम विभिन्न देशों से आए 30 सिविल सेवकों का सहारनपुर में पंहुचने पर पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेशनल सेन्टर फॉर गुड गवर्नेंस के सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मोमेन्टो भेंट किया गया। जिलाधिकारी द्वारा भी समस्त प्रतिनिधि मण्डल को जनपद में निर्मित काष्ठकला से निर्मित ओडीओपी उत्पाद भेंट दिए गए। डीएम ने प्रतिनिधि मण्डल को संविधान दिवस 26 नवम्बर की विशेषता बताते हुए देश की स्वतंत्रता एवं संविधान निर्माण के बारें में जानकारी दी। उन्होंने जिले में डीएम की भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डीएम का जिले में अहम योगदान होता है। सरकार द्वारा





जो भी आम जनता के लिए योजनाएं चलाई जाती है उन योजनाओं का आम जनता तक लाभ पंहुचे इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होती है। वह समय-समय पर सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा करते है। जिले में कानून व्यवस्था, विभाग के अधिकारियों में आपसी तालमेल, विकास कार्यों को गति देना, जिले की हर जरूरी गतिविधियों को उच्च अधिकारियों को व मुख्यमंत्री तक पंहुचाना, जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों से लगातार सम्पर्क रखना, आम जनता की समस्याएं सुनकर अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण करना जैसे बहुत से कार्य जिला प्रशासन के क्षेत्र में आते है।मनीष बंसल ने कहा कि चुनाव के समय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हो जाते है और उनकी देखरेख में जिला स्तर का चुनाव निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाया जाता है। प्रतिनिधि मण्डल को जिला मजिस्ट्रेट, जिला मजिस्ट्रेट को बीएनएसएस के द्वारा प्रदत्त किये गये अधिकार, प्रशासनिक एवं न्यायिक कत्व्यों, न्यायपालिका, जेल, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रजिस्ट्रार, कानूनगो, लेखपाल के कर्तव्यों, भौतिक संरचना सहित सूचना का अधिकार की जानकारी उपलब्ध करवायी गयी। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने जिले में पुलिस की भूमिका के बारे में भी प्रतिनिधिमण्डल को जानकारी देते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था की देखभाल पुलिस करती है। उन्होने डायल 112 के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी आपातकालीन सेवा है जिसके द्वारा कुछ मिनटों में ही पुलिस पीडित के पास पंहुचकर मदद करती है। एसपी सिटी ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था थानों के माध्यम से की जाती है। आम जनता को यदि कोई दिक्कत आती है तो वह अपने नजदीक के सम्बंधित थाने में जा कर अपनी समस्याएं बताते है जिसका पुलिस द्वारा समाधान किया जाता है और पीड़ित का न्याय दिलाया जाता है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने जनपद में विकास कार्य करने वाली प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास परियोजनाओं एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रतिनिधि मण्डल को विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात प्रतिनिधि मण्डल ने जनपद के ओडीओपी उत्पादों की निर्माण फैक्ट्री में पंहुचकर जानकारी लेने के साथ जनपद में बन रहे वैश्विक स्तर के उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर प्रभारी एनसीजीजी मसूरी एवं कोर्स कोर्डिनेटर ए0पी0 सिंह, प्रोग्राम असिसटेन्ट श्री संजय पंत, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही दो नशा तस्वीरों को किया गिरफ्तार

**के इतिहास की अब तक कि सबसे बड़ी कार्यवाही।**

संस्कार उजाला सहारनपुर
थाना नानौता व अठळ्ऋसहारनपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर नशा तस्कर अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार, नानोता थानाध्यक्ष सचिन पूनिया लगातार अपराधियों पर बड़ी कार्यवाही के लिए जाने जाते है। कब्जे से अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ 06 लाख रुपए की अवैध स्मेक बरामद 2 मोबाइल व तस्करी मैं प्रयोग की जाने वाली 01 मोटरसाइकिल बरामद अवगत कराना है कि वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मदाक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम एवं नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण ने तथा थाना प्रभारी सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में दिनांक 24.11.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना नानौता अठळ्ऋ सहारनपुर पुलिस की सयुक्त पुलिस टीम द्वारा दो शातिर नशा तस्कर अभियुक्तगण को हमाम नहर पुल दिल्ली सहारनपुर रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 531 ग्राम स्मेक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ 6 लाख रुपए) 2 मोबाइल फोन, तस्करी में प्रयोग की जाने वाली 1 मोटरसाइकिल व 310 रुपये नकद बरामद, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना नानौता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि हम दोनो अपने एक अन्य साथी के कहने पर बरेली से स्मैक लाते है और वहाँ से लाकर यहाँ सप्लाई करते है।जिससे हमें अच्छा मुनाफा मिलता है।

# जिले में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हुई बैठक

चौसा आम को जीआई टैग दिलाने के लिए सीआईएसएच लखनऊ से करें समन्वय

बासमती चावल के सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन को जनपद से ही जारी करने के दिए निर्देश

किसानों, एफपीओ संचालकों एवं निर्यातकों को विभागीय योजनाओं की दी जानकारी



संस्कार उजाला नेहा शर्मा
**सहारनपुर** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिले में कृषि निर्यात को बढावा देने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने डीडीएम नाबार्ड को निर्देशित किया कि जनपद के चौसा आम को जीआई टैग दिलाने के लिए सीआईएसएच लखनऊ से समन्वय करते हुए प्रक्रिया का निरंतर फॉलोअप करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद से निर्यात हो रहे बासमती चावल के सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन को जनपद से ही जारी करने के निर्देश दिए ताकि बासमती चावल होने वाला निर्यात जनपद के निर्यात में शामिल हो सके। इसके लिए उन्होंने मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि बासमती का निर्यात करने वाले व्यापारियों के साथ बैठक करें। मनीष बंसल ने गुड़ के निर्यात हेतु गन्ने के क्लस्टर बनाने के लिए खांडसारी विभाग के साथ अलग से बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप निदेशक कृषि डॉ0 राकेश कुमार को एक्सपोर्ट करने के लिए एफपीओ को तैयार करने हेतु उत्तर प्रदेश एफपीओ शक्ति पोर्टल के फेमरी पर एफपीओ के पंजीयन कराने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद से मोक्षार्थ फार्मर प्रो0 क0 लिमिटेड के प्रस्तावित आम के क्लस्टर के अनुमोदन को स्वीकृत किया गया। ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक सुनील सोम ने कृषि निर्यात नीति के बारे में उपस्थित कृषकों, एफपीओ एवं निर्यातकों को जानकारी दी। उन्होंने कृषि उत्पाद के कृषि निर्यात नीति के अन्तर्गत दिये जाने वाले प्रोत्साहनों को प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया, प्रस्तुत किये जाने वाले अभिलेख वेबसाइड पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉडयूल की पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने एफपीओ एवं निर्यातकों को सरकारी योजनाओं एवं उनका लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित मानकों एवं मापदण्डों के बारे में भी बताया। बैठक में मंडी सचिव सुमन भारती, उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड साद बिन सहित अन्य अधिकारीगण, कृषक, एफपीओ एवं निर्यातक उपस्थित रहें।

# जनपद के सरकारी, अर्द्धसरकारी, नगर निकायों एवं शिक्षण संस्थानों में भव्य रूप से आयोजित हुआ संविधान दिवस

**आयुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रट एवं विकास भवन में दिलाई गयी संविधान की शपथ**

▸मा0 राज्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट ह्लह्लसंविधान दिवसह्लह्ल पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई शपथ

▸डा0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

▸लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

▸हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन पर वर्ष-पर्यन्त उत्सव के रूप में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों का हुआ शुभारम्भ

संस्कार उजाला ब्यूरो
**सहारनपुर,**संविधान दिवसह्लह्ल के अवसर पर मा0 राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रिजेश सिंह की अध्यक्षता एवं विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर



मनिहारान देवेन्द्र निम एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नवीने सभागार में ह्लह्लसंविधान दिवसह्लह्ल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक भवन में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मा0 राज्यमंत्री ने इस अवसर संविधान की प्रस्तावना की सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समंता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में तारीख 26 नवम्बर 1949 ई0 मिति मार्ग शीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। ब्रिजेश सिंह ने कहा कि हम आज से संविधान दिवस के अमृतकाल में प्रवेश कर रहे है। हमारा संविधान सर्वधर्म एवं सर्वसमाज को लेकर चलने वाला है। संविधान के माध्यम से ही देशवासियों को अधिकार एवं कर्तव्य मिले हुए है। हमारा देश प्रजातांत्रिक देश है। उन्होने कहा कि संविधान का निर्माण करने वाले समस्त विभूतियों जिसमें सर्वप्रथम नाम डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का आता है एवं संविधान सभा के सभी सदस्यों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई देते है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान निर्माण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई थी। 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अमृतकाल मनाया जा रहा है। इसके तहत वर्ष भर स्कूल एवं कॉलेजों में संविधान के महत्व को बताते हुए विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे। उन्होने कहा कि संविधान के कारण ही आज हमारा देश बहुत तेजी से समृद्ध देश बना है।

## निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य रविंद्र मणि निषाद का हुआ तीतरो आगमन पर जोरदार स्वागत...

संस्कार उजाला
**सहारनपुर** तीतरो निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य रविंद्र मणि निषाद का तीतरो आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ । रविंद्र मणि ने 30 नवंबर 2024 को दिल्ली चलो का नारा दिया इ बोला कि यदि कश्यप, निषाद , मलहा, केवट , धीवर , कहार आदि को अपने हक की लड़ाई लड़नी है , तो इसके लिए हम सबको एकजुट होना पड़ेगा क आने वाली 30 नवंबर को दिल्ली सबको चलना पड़ेगा । दिल्ली में जो अधिवेशन बनाया जा रहा है, उसमें भारी से भारी संख्या में पहुंचकर अधिवेशन को सफल बनाने का आह्वान किया । सबसे पहले तीतरो निषाद पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व



राज्य मंत्री ) आवास पर पहुंचने पर मास्टर बलराज सिंह देशवाल , चौधरी ब्रजवीर सिंह , सचिन देशवाल , रामकुमार कश्यप , राजेंद्र कश्यप सभासद , डॉक्टर सुनील देशवाल , श्री रामलीला कमेटी प्रधान विनोद जैन , हरिओम कश्यप , आदि काफी संख्या में मौजूद पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया । उदयवीर कश्यप निषाद पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री आदी सभी को मिलकर दिल्ली कुच करना चाहिए बोला और भारी संख्या मे दिल्ली पहुंचकर अपने समाज की जो मांग है, उनका अधिवेशन में रखकर सरकार को सचेत करना चाहिए बोला । इस कार्यक्रम में जय भगवान कश्यप निषाद पार्टी प्रभारी मुजफ्फरनगर , प्रदीप कश्यप मुजफ्फरनगर , शुभम कश्यप सहारनपुर , मास्टर सुधीर सिंह देशवाल , सोनू कश्यप , अनिल गुप्ता प्रदीप कश्यप , राजेश देशवाल , अंकित कश्यप , प्रणव देशवाल , तीतरो के सैकड़ों सम्मानित आदी मौजूद रहे थे

## थाना तीतरो द्वारा गांव बरसी लघु उद्योग में आंगनबाड़ी महिलाओं को एंटीरोमियो टीम मिशन शक्ति फेज 5 , साइबर क्राइम के प्रति महिलाओं को किया जागरूक...

संस्कार उजाला
**सहारनपुर** तीतरो एंटीरोमियो टीम थाना तीतरो (सहारनपुर) द्वारा ग्राम बरसी में लघु उद्योग आंगनबाड़ी में महिलाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाएं व मिशन शक्तिअभियान फेज 5 के तहत जानकारी दी गई व सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर आपातकालीन नंबर 112



वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर, 181 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 1098 एंबुलेंस सुविधा हेल्पलाइन नंबर 102 , मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर, 1090 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों से उप निरीक्षक कमलेश , उप निरीक्षक कंचन व महिला कांस्टेबल दिव्यांशु , महिला कांस्टेबल डोली , महिला हेड कांस्टेबल योगिता द्वारा अवगत कराया गया व आंगनवाड़ी महिलाओं को पंपलेट भी वितरित किए गए

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की बैठक संपन्न

**विभाग पूरी सतर्कता एवं सावधानी से परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स को देखते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढें**

✳ए एवं ए प्लस रैकिंग वाले करें नवाचार तथा लक्ष्य वृद्धि पर करें प्रयास

✳हर घर जल योजना के अन्तर्गत डिस्ट्रीब्यूशन लाईन का कार्य पूर्ण हो चुके ग्रामों में जलापूर्ति करें चालू

✳जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने में न बरती जाए शिथिलता

✳समाजिक कल्याण की योजनाओं में निरस्त आवेदनों की करवाई जाए रैण्डमली जांच

✳प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढाने हेतु की जाए काउंसलिंग

✳प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कृषकों को बताएं जाएं फायदे

✳खराब प्रगति वाले विभाग उच्चतर रैंकिंग हेतु कार्यप्रणाली में लाएं सुधार

✳ओडीओपी टूल किट वितरण योजना के आधुनिकीकरण हेतु बनाएं प्रस्ताव

संस्कार उजाला ब्यूरो
**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैश बोर्ड के आधार पर माह अक्टूबर के लिए विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स पर ध्यान देकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए आगे बढे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिलना चाहिए। उन्होने कहा कि समाजिक कल्याण की योजनाओं में निरस्त आवेदनों की रैण्डमली जांच करवाई जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न हो। उन्होने निर्देश दिए कि ए एवं ए प्लस रैकिंग वाले नवाचार करें तथा लक्ष्य वृद्धि पर प्रयास करें। उन्होने कहा कि मण्डल की रैंकिंग उच्चतर स्तर पर रहे इसके लिए सभी मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारी निरंतर प्रयास करें। बैठक के दौरान योजना से संबंधित पूर्ण जानकारी के साथ ही उपस्थित हों। डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि संचालित योजनाओं का लाभ समयबद्धता के साथ पात्र व्यक्ति एवं परिवार को मिले। उन्होने नेडा विभाग को निर्देश दिये गये कि स्ट्रीट लाईटों के लिए लक्ष्य बढाने हेतु प्रस्ताव भेजा जाए। शामली एवं मुजफ्फरनरग में प्रधानमंत्री फसल बीमा में कृषकों का पंजीकरण बढाने हेतु योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा इससे प्राप्त लाभ भी बताएं। स्कूलों के भवन निर्माण में गुणवत्ता की जांच संबंधित मुख्य विकास अधिकारी करवाएं। मण्डलायुक्त चिकित्सा विभाग में एम्बुलेंस की संख्या बढाने तथा मैडिकल उपकरणों के रैगुलर मैंटेनेन्स, अपग्रेडेशन व रिपलेसमेंट की कार्यवाही के निर्देश अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को



दिये गये। इसके साथ ही संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय बैठक करने को कहा गया। सभी मुख्य चिकित्साधिकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गये बेहतर कार्यों की मासिक बुलेटिन जारी करना सुनिश्चित करें। सहकारी दुग्ध समितियों को बढाने के दृष्टिगत जीएम प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर निर्णय लें। हर घर जल योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी को लक्ष्य के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का जिलाधिकारी बैठक कर प्रगति के लिए निर्देशित करें। समाजिक वनीकरण में हाईवे के किनारे वृक्षारोपण के लिए योजना बनाने के निर्देश डीएफओ को दिए गये। डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने एडी बेसिक को निर्देश दिए कि प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढाने के दृष्टिगत अभिभावकों से वार्ता एवं अध्यापकों द्वारा काउंसलिंग की जाए तथा अध्यापन में रूचि लेते हुए कार्य करें। साथ ही ग्राम प्रधानों के माध्यम से भी शिक्षा के प्रति अभियान चलाया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प की योजनाओं को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निराश्रित गोवंश का संरक्षण करते हुए सुनिश्चित करें कि कोई भी निराश्रित पशु खुले में न घूमे। इस कार्य को बेहतर ढंग से करने हेतु वन विभाग का भी सहयोग लिया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थलों का विस्तार भी किया जाए। ओडीओपी टूल किट वितरण योजना के तहत संयुक्त आयुक्त उद्योग को ओडीओपी उत्पादों की बेहतर मार्किटिंग की जाए। इसके विस्तार के लिए संबंधित कारीगरों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने हेतु प्रयास किए जाएं। नहरों में टेल तक पानी पंहुचाने के संबंध में विभाग द्वारा दी गयी रिपोर्ट की जांच संबंधित सीडीओ द्वारा करने के निर्देश दिए तथा इसमें पारदर्शिता के दृष्टिगत योजना में तकनीक का इस्तेमाल किए जाने के संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। मण्डलायुक्त ने पेंशन योजनाओं के संबंध में निर्देश दिए कि पेंशन संबंधी पत्रावलियों को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाए। वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन संबंधी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। कन्या सुमंगला योजना में लम्बित प्रकरणों का निस्तारण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। कृषि रसायन डीबीटी योजना के तहत उन्होने निर्देश दिए कि आमजन के बीच इसकी प्रवृत्ति को जानते हुए इसका विशलेषण किया जाए। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से भी क्षेत्रवार सलाह लेना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर संदीप भागिया, मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय तिवारी, डीएफओ शुभम सिंह, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग,जल निगम सहित संबंधित विभागों के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नालासोपारा पूर्व में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

## भागवताचार्य पू. कुणाल जी महराज के सानिध्य भागवत महापुराण

संस्कार उजाला

**देवेन्द्र कुमार मिश्रा**

**मुंबई** नालासोपारा पूर्व प्रगतिनगर में जय मां विंध्यवासिनी सेवा संस्था द्वारा आयोजित श्री मद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन मंगलवार भव्य कलशयात्रा के श्री गणेश हुआ, समय सायं 4 बजे 8 बजे रात्रि तक चलने वाले सप्त दिवसीय भागवत महापुराण के कथा व्यास भागवताचार्य पू. कुणाल जी महराज है, तो आचार्य के




रूप में पं.शशिकांत मिश्रा पं. संतोष तिवारी पं.अशोक पांडे के सानिध्य में 26 नवंबर से 3 दिसंबर तक बहने वाली का भागवती गंगा के प्रवाह का विश्राम 3 दिसंबर महाप्रसाद के साथ समस्त जन श्रोताओं की उपस्थिति में होगा। जगतकल्याण की भावना से लोकहितार्थ भागवत कथा के आयोजन में आयोजन समिति ने सभी धर्मावलंबियों से निवेदन किया है कि इस कथा में पहुंचकर अपने जीवन को धन्य करें,बता दें कि धर्मनगरी नालासोपारा में भागवत कथाओं का आयोजन अनेकों संस्थाओं द्वारा निरंतर होते रहते हैं, इसलिए इसे लोग धर्मनगरी के रूप में भी जानते हैं, मंगलवार सुबह से ही कलशयात्रा को सफल बनाने में विशेषतः महिलाओं का विशेष सहयोग दिखाई दिया जिसमें पुरुष व बच्चों की संख्या भी सराहनीय रही, कलशयात्रा के अवसर पर कथा आयोजन समिति सभी सदस्यों अध्यक्ष राजेश तिवारी, कार्याध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला नरेंद्र दूबे सोनू, विनोद पांडे, वशिष्ठ तिवारी,दीपक दूबे, बृजेश तिवारी,अभय मिश्रा,उमाकांत पांडे बच्चा गुरू ,अनिल पाठक, ईतेश मिश्रा,सुलेष शुक्ला, धर्मेंद्र मिश्रा, विनोद दूबे, संतोष दूबे, अरविंद दूबे,पंकज तिवारी, राजेश मिश्रा, गोविंद पांडे, वेदमणी पांडे,विरामन पांडे 'अमन' अनिकेत पांडे सहित तमाम भक्तगण उपस्थित रहे!

# ऐतिहातन जारी किया गया कार्य को लेकर गाइड लाइन, 2660 ओबरा सी निमार्णाधीन तापीय परियोजना नव-निर्मित ऐश वाटर रिर्सकुलेशन सिस्टम का हो रहा कार्य।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** 2X660 ओबरा सी निमार्णाधीन तापीय परियोजना का अंतिम चरण चल रहा है। जिसको लेकर कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी सिलसिले में अधिशासी अभियन्ता ओबरा 'सी' तापीय परियोजना ओबरा-सोनभद्र द्वारा एक गाइडलाइंस जारी की गई है। उन्होंने लेटर जारी करते हुए



कहा कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 2X660 मेगावाट ओबरा 'सी' तापीय परियोजना से ग्राम चकारी में नव-निर्मित ऐश वाटर रिर्सकुलेशन सिस्टम तक बिछायी गयी। 2 नग 11 के0वी0 के इलेक्ट्रीक लाइन को का कार्य कराया जायेगा। अतः आप सभी ग्राम एवं क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि उक्त लाइनों से दूरी बनाकर रहें, जिससे कि किसी भी प्रकार की सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# कई वर्षो से विद्युत पोल संबंधित समस्या को लेकर ग्राम सेवा समिति ने एस डी ओ को सौंपा ज्ञापन

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**ओबरा सोनभद्र।** बिल्ली मारकुण्डी स्थित खैरटिया टोला में स्थित पोखरा के उत्तर दिशा में बसी बस्ती में पिछले 5-6 वर्षों से लगातार लिखित/मौखिक रूप से अवगत कराये जाने के बावजूद आजतक बिजली के पोल नहीं लगाये जा रहे है, जबकि वहां के रहवासियों को मेन रोड से करीब 400 मीटर दूरी से केबिल खीच कर कनेक्शन लिया जा रहा है, जिसके कारण गर्मियों में केबिल जलने की घटनाएं आम बात हो गयी है और हमेशा दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती



है। पूर्व में विभाग के जेई श्री अरविन्द मौर्या द्वारा उक्त क्षेत्र का सर्वे किया गया था और बताया गया कि एक माह के भीतर विभाग द्वारा पोल लगवा दिया जायेगा, जिससे केबिल जलने की समस्या से निजात मिल जायेगा। परन्तु बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज तक उक्त समस्या के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी । उक्त के सन्दर्भ में यह भी अवगत कराना है कि उक्त पोल लगाने के सम्बन्ध में ग्राम सेवा समिति के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन भी पूर्व में किया जा चुका है परन्तु विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस बार जल्द ही पोल नहीं लगने की स्थिति में ग्राम सेवा समिति द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी पीसीएल विभाग की होगी। शिवदत्त दुबे ग्राम सेवा समिति अध्यक्ष एवं महेश अग्रहरी के साथ राजू जायसवाल और अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के दोषी कलयुगी पिता को आजीवन कठोर कारावास की सजा।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** करीब दो वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ हुए दुष्कर्म और दवा खिलाकर गर्भपात कराने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी कलयुगी पिता सुरेश कोल को आजीवन कठोर कारावास एवं तीन लाख 15 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से दो लाख 50 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने शाहगंज थाने में 27 अप्रैल 2023 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ उसका पति सुरेश कोल करीब 7-8 माह पूर्व बलात्कार किया था। जब गर्भ ठहर गया तो इसकी जानकारी उसे हुई तो पति ने मां- बेटी को जान से मारने की धमकी दिया, जिससे डर गई और कहीं सूचना नहीं दी। उसने 18 अप्रैल 2023 को जबरन बेटी को गर्भनिरोधक दवा




खिला दिया, जिससे रात करीब नौ बजे गर्भपात हो गया और मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ। जिसे उसका पति झाड़ी में फेंक दिया। वह पति के डर से और लोकलाज के डर से कहीं सूचना नहीं दी। जिसका नतीजा रहा 26 अप्रैल 2023 को दोपहर तीन बजे बेटी को घर में अकेला पाकर पुनः बलात्कार किया। उसका पति उसके मायके में ही रहता है। बलात्कार करते समय जब बेटी चिल्लाने लगी तो उसके पिता मौके पर पहुंच गए और घटना को देखा था। इस तहरीर पर पुलिस ने 27 अप्रैल 2023 को बलात्कार और पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। दौरान विवेचना विवेचक ने डीएनए टेस्ट रिपोर्ट और मेडिकल रिपोर्ट के साथ ही गवाहों का बयान लेने के बाद पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 10 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सुरेश कोल को उम्रकैद एवं तीन लाख 15 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

वहीं अर्थदंड की धनराशि में से दो लाख 50 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## संक्षिप्त डायरी

### लवकुश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनी जगमनिया।

*पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र में विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न*

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**सोनभद्र।** विभागीय आदेशानुसार पीएम कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र के विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव मंगलवार को विद्यालय




के वरिष्ठ शिक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के देखरेख में उपस्थित अभिभावकों के मध्य संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से लवकुश को अध्यक्ष और जगमनिया को उपाध्यक्ष चुना गया। सबसे पहले अभिभावकों ने मिलकर 11 सदस्यों का चयन किया, जिसमें 6 महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। चयनित सदस्यों में लवकुश, सरभू, राम सिंह, शिव शंकर, विशुंधरी के साथ महिला अभिभावकों में से जगमनिया, सोनी, गुंजा, बसंती, जिलावटी, अनीता को चयनित किया गया। सभी सदस्यों ने मिलकर सर्वसम्मति से लवकुश को विद्यालय प्रबंध समिति का अध्यक्ष और जगमनिया देवी को उपाध्यक्ष नामित किया जिसको सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया और हर्ष ध्वनि के साथ ताली बजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर बीके सिंह महादेव, पवन कुमार सिंह, शिव शंकर ,उर्मिला देवी, पूर्व प्रधान जागेश्वर सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष केदार सिंह, सीमा सोनी, गुंजा, कविता, बसंती, शीला, सीता, मनीषा, कुंवर प्रसाद, गुलाब, धर्मदेव, रामबहाल, रोहित और क्षेत्र पंचायत सदस्य बिंदु उपस्थित रहे।\

### सामूहिक विवाह फजीर्वाड़े के खिलाफ कांग्रेस जिला अध्यक्ष उषा चौबे ने जिला कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुए फजीर्वाड़े के खिलाफ महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे के नेतृत्व में



मंगलवार को जिलाअधिकारी कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा गया। और दोषियों अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की।

इस दौरान महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि बीजेपी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जनपद सोनभद्र में महज कोरा साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ब्यापक भ्रस्टाचार किया जा रहा है। इस विवाह योजना में तीन ऐसे जोड़े भी शामिल रहे जिनकी पहले शादी हो चुकी थी,दो दम्पतियों के बच्चे भी है। उन्होंन कहा की समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड के नाक के नीचे धांधली की जा रही है, मंत्री जी और जिले के अधिकारियों को जानकारी तक नही हुई, जनपद में लगातार सामूहिक विवाह योजना में धांधली की शिकायतों पर जिला प्रशासन और जिले के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से आमजनता में काफी आक्रोश है। श्रीमती चौबे ने कहा कि इस जिले में हुए सामुहिक विवाह योजना में सभी लाभार्थियों के पात्रता की उच्चस्तरीय जाँच कराने से कई और भी मामले सामने आ सकते है। जिला उपाध्यक्ष शान्ति विश्वकर्मा ने कहा कि आखिरकार पात्रों के सत्यापन में इतना गड़बड़ी क्यों की गई और गड़बड़ी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर अभी तक कार्यवाही क्यों नही की गई। उक्त मौके पर गीता देवी, राजकुमारी, बाबीता देवी, सीता देवी, सकुन्तला , मीरा, रामवन्ति देवी , सुनीता देवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ओबरा नगर में जुलूस निकालकर मनाया गया धूमधाम से संविधान दिवस।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**ओबरा सोनभद्र।** संविधान दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बिल्ली पोखरा से होते हुए अनुप मेडिकल, चोपन रोड मार्केट सुभाष तिराहा होते हुए बुद्ध विहार,कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो देश के नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया। यह फेरी आमतौर पर वरिष्ठ समाजसेवी को द्वारा स्कूल, कॉलेज और सामुदायिक संगठनों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें छात्र और नागरिक संविधान के महत्व को समझने के लिए एकत्रित हुए थे। इस अवसर पर, लोग संविधान के बारे में जानकारी साझा करते हुए,





नारे लगाने लगे और संविधान के प्रति अपनी आस्था और सम्मान को व्यक्त करने का प्रण लियां। यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुआ जो देश के नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करने में मदद करता है और उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षित करता है कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चांदनी देवी , जल पुरुष रमेश सिंह यादव ,सभासद संजय कनौजिया, प्रवक्ता रवीश कुमार ,राजेंद्र प्रसाद सर , अध्यक्ष गिरजा शंकर भारती, कोषाध्यक्ष अंकुश राव, सचिव सूरज कुमार , दिनेश कुमार, अमरजीत कुमार, संत विजय चंद्रा , सभासद अजीत कनौजिया , अमरेश यादव प्रधान प्रतिनिधि, मुकेश जायसवाल, सुरेंद्र सागर, सुनील कुमार, विशाल राव, सीमा देवी, डब्लू रंगीला , विजय कुमार, दीपक विश्वकर्मा, अनिल कुमार सभासद, जितेंद्र कुमार, भोला कनौजिया, जिला पंचायत सदस्य सुनील गौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव संरक्षक रवीश कुमार राजेंद्र प्रसाद प्रधान प्रतिनिधि अमरेश यादव अमरजीत कुमार और नगर के संभ्रांत लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा राष्ट्रीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र ।** रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय संविधान दिवस डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अतुल प्रताप पटेल एड की अध्यक्षता में मनाया गया ! संविधान दिवस पर बोलते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसे संविधान दिवस के नाम से भी जाना जाता है। साल 2015 में बाबा साहब अंबेडकर की 125वीं जयंती थी, इस अवसर पर भारत सरकार ने राष्ट्रीय संविधान दिवस को बड़े पैमाने पर मनाने का फैसला लिया था। इस



दिन का महत्व इसलिए है क्योंकि इसी दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। हम हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। डॉ अतुल प्रताप पटेल एड ने कहा कि संविधान दिवस का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों की भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है। इसी संविधान के तहत हमारे देश के सभी कानून बनते हैं। इस संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट समेत देश की सभी अदालतें, संसद, राज्यों के विधानमंडल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत सभी इसी के तहत काम करते हैं। और इसी के तहत हम सभी को अधिकार भी मिलते हैं कि हम सब पूरी स्‍ वतंत्रता व समानता के साथ जीवन जी सके। इस अवसर पर राजेश यादव एड, जगदीश प्रसाद एड,कामता प्रसाद यादव एड, सुरेश कुशवाहा एड, शादाब आलम एड,जितेन्द्र कुमार एड, वी पी सिंह एड, नवीन पांडेय एड, सत्यम शुक्ला एड, आदि लोग मौजूद रहे!

# दहेज मुक्त समाज के निर्माण में सबका सहयोग जरूरी:

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

सोनभद्र ।26 नवंबर 2024 को जिलाधिकारी के दिशा निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टण्डन के नेतृत्व में विकास भवन लोढ़ी में दहेज प्रतिषेध दिवस मनाया गया' केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह द्वारा बताया गया कि महिलाओं को दहेज एक सामाजिक हिंसा है कोई संपत्ति मूलवान वस्तु या प्रतिभूति जो विवाह में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को दी जाए या देने का वादा किया जाए दहेज कहलाता है' एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष से नगद गहने कपड़े



आदि मांगना मूलवान वस्तुएं जैसे टीवी फ्रिज स्कूटर मोटरसाइकिल कार, संपत्ति प्लाट मकान आदि की मांग करना दहेज कहलाता है' दहेज विवाह से पूर्व, दौरान या कई साल बाद तक भी दिया जाता है' दहेज लेना या देना या दहेज के लिए उकसाना दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के अंतर्गत अपराध है जिसके लिए 5 साल तक की कैद अथवा ₹15000 या दहेज की रकम जो भी अधिक हो जुमार्ने का प्रावधान है' प्रत्यक्ष, परोक्ष रूप से दहेज की मांग पर 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा तथा ₹10000 जुमार्ने का प्रावधान है' इसके अतिरिक्त शिकायत कौन कब और कहां कर सकता है यह भी बताया गया दहेज की मांग से पीड़ित महिला स्वयं उसके माता-पिता या अन्य कोई रिश्तेदार या कोई स्वयं से भी संस्था शिकायत टोल फ्री नम्बर 181 महिला हेल्प लाइन 1098 या अधिक जानकारी कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, कलक्ट्रेट मे संपर्क कर सकते हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि दहेज मुक्त समाज के निर्माण में सबका सहयोग जरुरी है, साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही समस्त हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया' कार्यक्रम में अध्यक्ष व सदस्य बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेंटर,चाइल्ड लाइन से समस्त स्टॉप और महिलाएं आदि उपस्थित रहे '

# ब्लाक सभागार में मनाया गया संविधान दिवस



संस्कार उजाला

**पूरनपुर,पीलीभीत।** मंगलवार को 75 में संविधान दिवस पर ब्लाक सभागार कार्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लाइव प्रसारण के माध्यम से विचारों को सुना गया। भाजपा विधायक वावूराम पासवान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। दीप प्रज्जलित कर उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने उदबोधन में कहा 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ।तब से भारत विश्व का लोकतान्त्रिक देश बना। जिसमें सभी धर्मों के लोग निवास करते है व सभी को बराबरी का हिस्सा प्राप्त है। उन्होंने संविधान को लेकर कार्यक्रम में लोगों को जानकारियां दी।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पति अपूर्व सिंह,ग्राम प्रधान देहात पूरनपुर प्रधान डॉ फैयाज,खण्ड विकास अधिकारी शिरीष कुमार, सहित विभिन्न पी आर डी जवान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली में अभियान चलाकर लक्ष्य की करे पूर्ति - जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने कर करेत्तर व मुख्य देयो की वसूली के प्रगति की जानकारी के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की बैठक

संस्कार उजाला

**मीरजापुर** - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर, मुख्य देय, विविध देय व अन्य राजस्व वसूली के प्रगति की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सी0एम0 डैशबोर्ड में प्राप्त रैंकिग को लेकर भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर लक्ष्य को पूरा करे ताकि अगले माह आने वाले रैंकिंग में अच्छी प्रगति आ सकें। उन्होंने भूमि



विवाद सम्बन्धित मामलो को ससमय, संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा की गई राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान उन्होंने नायब तहसीलदारवार वसूली प्रगति की समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर वसूली करने तथा बड़े बकायेदारो की सूची बनाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। विभिन्न पोर्टलो पर प्राप्त मामलों की भी समीक्षा की गई तथा ससमय निस्तारण का निर्देश दिया गया। उन्होंने तीन वर्ष से पॉच वर्ष तक के लम्बित वादो को प्राथमिकता पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। धारा-34 में अभियान चलाकर निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विविध देयको को प्राथमिकता पर वसूली करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए। इस अवसर पर वाणिज्य कर, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग को वसूली प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया तथा तहसीलों में आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि को भी ससमय बनाकर जारी करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर खन्न, आबकारी, आडिट आपत्ति, पेंशन प्रकरण, सिंचाई विभाग सहित अन्य सभी विभागो की भी बिन्दुवार समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह सहित अन्य सभी उप जिलाधिकारीगण व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# लखनऊ में लव जिहाद, नाबालिग से रेप

## पहले वाराणसी, फिर सूरत लेकर गया, चारबाग में छोड़कर भागा

**लखनऊ ।** 13 साल की बच्ची को अपने प्यार में फंसाकर घर से भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी किशोरी को वाराणसी ले जाकर एक होटल में रुका, जहां उसके साथ रेप किया। उसके बाद सूरत ले गया। पुलिस की दबिश बढ़ी तो चारबाग स्टेशन छोड़कर भागने की फिराक में था। इससे पहले पुलिस ने दबोच लिया। नाका पुलिस परिजनों की शिकायत के बाद से उसकी तलाश कर रही थी। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बच्ची को लेकर सूरत चला गया था। पुलिस की टीम ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर उसको पकड़ा। नाका इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी आमिर 18 नवंबर को कक्षा आठ में पढ़ने वाली किशोरी को भगा ले गया। परिजनों का आरोप था कि आरोपी स्कूल से आते-जाते बेटी का पीछा करता था। उसने धर्म और जाति छिपाकर बेटी को अपनी बातों में फंसाकर घटना को अंजाम दिया। आमिर ने पुलिस पूछताछ में बताया



कि वह किशोरी को लखनऊ से पहले वाराणसी ले गया। जहां एक होटल में रहा। यहां किशोरी के साथ रेप किया और विरोध पर धमकाता था। उसके बाद उसको लेकर सूरत चल गया। दूसरी तरफ आरोपी के फोन की सर्विलांस की मदद से सूरत लोकेशन मिलने पर एक टीम भेजी गई थी। इसी बीच आमिर 24 नवंबर को युवती को लखनऊ छोड़ने आया था। पुलिस के डर से चारबाग से पहले ही ट्रेन से उतर गया। बाद में टीम ने उसकी तलाश और तेज कर दी। 26 नवंबर को उसको ऐशबाग रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी युवक अपने पिता के साथ सिलेंडर डिलीवरी का काम करता था। इस दौरान बच्ची के सम्पर्क में आ गया था। इसके बाद से उसको फॉलो कर रहा था। लव जिहाद विरोधी विधेयक में धर्म परिवर्तन और बहला-फुसलाकर शादी करने पर उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। धर्म परिवर्तन के लिए कोई भी व्यक्ति किसी को जान या संपत्ति का भय दिखाता है, बल का प्रयोग करता, शादी का दबाव बनाता है तो उसे भी आजीवन कारावास और जुमार्ने की सजा भुगतनी होगी।

# किसान सभा ने की फामूर्ला सी 2+50 प्रतिशत पर एमएसपी कानून बनाने की मांग

संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश किसान सभा की जिला इकाई के पदाधिकारी जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर धुस पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी को सौंपकर फसलों के लिए फामूर्ला सी 2+50 प्रतिशत पर एमएसपी कानून बनाने की मांग की। मंगलवार को किसान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड मोहन गोंड़ व माकपा जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में किसान जिला मुख्यालय पहुंचे। कामरेड



श्रीवास्तव ने कहा कि एनडीए की तीसरी सरकार की नीतियों से किसानों व मेहनत कश लोगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। अपने दिए 11 सूत्रीय ज्ञापन में सभा ने मांग किया कि अनाज का लाभकारी मूल्य दिलाया जाय। किसानों का कर्ज माफ करने, तीनों कृषि कानून वापसी के समझौते को लागू करने, नीलगाय व आवारा पशुओं से बचाव व बर्बाद फसलों का मुआवजा देने, फसल अवशेष नष्ट करने का निःशुल्क वकारगर उपाय करने, बकाया गन्ना मूल्य भुगतान व गन्ना मूल्य 500 रुपये करने, खाद, बिज की कालाबाजारी रोकने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, नहरों की सफाई व हेड से टेल तक पानी देने, सरकारी संपत्ति का निजीकरण रोकने, साम्प्रदायिक शक्तियों पर रोक लगाने की मांग की गयी। इस अवसर पर शमसुद्दीन अंसारी, इन्द्रीश, कैलाश गिरी, राम प्रसाद गोंड़, सुभाष गोंड़, भुआली, कमालुद्दीन, सुरेश सिंह पटेल मौजूद रहे।

# लखनऊ में गन्ना लदे ट्रक ने छात्र को कुचला



**लखनऊ ।** बीकेटी में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। गन्ना लदे ट्रक ने छात्र को कुचल दिया। ट्रक का पहिया सिर पर चढ़ने से छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। छात्र दोपहर में साइकिल से घर जा रहा था। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने रोड जाम कर दिया। कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेना चाहा तो ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायक योगेश शुक्ला भी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सरकार द्वारा मदद का आश्वासन दिया और समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

# शिव गुरु महोत्सव में दिया भगवान शिव का संदेश



**गोरखपुर ।** फर्टिलाइजर ग्राउंड में मंगलवार को शिव शिष्य परिवार द्वारा आयोजित शिव गुरु महोत्सव में रांची से पहुंची दीदी बरखा आनंद ने शिव के संदेश के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर में किए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। दीदी बरखा आनंद ने कहा, हम 2017 में भी गोरखपुर आए थे। तब और अब के गोरखपुर में काफी बदलाव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शहर ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनंद ने शिव के गुरु स्वरूप की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा, ह्शिव केवल नाम के नहीं, काम के भी गुरु हैं। उनके औढरदानी स्वरूप से धन और संतान जैसे लाभ पाने की परंपरा है, लेकिन उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान क्यों न प्राप्त किया जाए? ज्ञान के अभाव में किसी भी संपत्ति का उपयोग घातक हो सकता है। दीदी ने बताया कि शिव का शिष्य बनने के लिए किसी विशेष विधि, दीक्षा, या औपचारिकता की आवश्यकता नहीं है। केवल यह विचार करना कि शिव मेरे गुरु हैं ही शिष्यत्व की शुरूआत करता है। शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने 1974 में शिव को अपना गुरु माना और 1980 के दशक तक यह विचार देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गया। दीदी नीलम आनंद और साहब श्री हरीन्द्रानन्द ने जाति, धर्म, या समुदाय से परे मानव मात्र को शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ने का आह्वान किया। महोत्सव में आसपास के इलाकों से हजारों लोग शामिल हुए। सभी ने शिव के गुरु स्वरूप को समझा और अपनाने का संकल्प लिया। दीदी बरखा के साथ अन्य वक्ताओं ने भी शिव के विचारों पर अपने विचार साझा किए।

# बौद्ध संग्रहालय में संविधान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।मंगलवार को अज्ञेय स्मृति सभागार कुशीनगर में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र बीपीजी डॉ उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि संविधान हम भारतीयों के लिए प्रेरणादायक और स्वतंत्र भारत का आधुनिक धर्म ग्रंथ है जो भारत के प्रत्येक नागरिक का मार्गदर्शक है।



संविधान को देश के हर नागरिक ने अंगीकृत किया है इसलिए संविधान के वास्तविक संरक्षक हम भारतीय हैं। संविधान जहां एक ओर नागरिकों को सशक्त करता है। वहीं दूसरी ओर नागरिक भी अपने आचरण और व्यवहार से संविधान का संवर्द्धन और संरक्षण करते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अंतराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष भदंत डॉ0 नंदरत्न ने कहा कि संविधान दिवस केवल शासन और राजनीतिक दलों का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र निमार्ताओं के योगदान के प्रति आभार के उत्सव के रूप में इसे मनाया जाए। अध्यक्षता बुद्ध इंटर कालेज कुशीनगर के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय ने की। संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गयी और समापन राष्ट्रगान से हुआ। सबका स्वागत एवं आभार संग्रहालय वरिष्ठ सहायक तेज प्रताप शुक्ला ने किया। संचालन पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ प्राणरंजन ने किया। उक्त अवसर पर तरुण शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, नसीरुद्दीन बेग, बिकास, चंदन उपस्थित रहे।

# लखनऊ में दुल्हन के भाई-बहन को पीटा

**लखनऊ ।** नशे में धुत बारातियों ने जमकर हंगामा कर दिया। लड़की के भाई और बहन की जमकर पिटाई कर दी। बारात बिना निकाह के ही लौट गई। लड़की के भाई दूल्हा पक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

मोहनलालगंज के निगोहां के भद्दी शीर्ष गांव में रायबरेली के बछरावां से बारात सोमवार दोपहर 2 बजे पहुंची। बारात का कार्यक्रम दुल्हन



आफरीन बनो के घर के बाहर रोड पर ही था। दूल्हे का बहनोई इरशाद और दूल्हे का भाई इरफान नशे में धुत होकर डीजे पर नाचने के लिए शोर मचाने लगे। दोनों के शोर मचाने पर दुल्हन के भाई शहजाद ने विरोध किया और समझाने की कोशिश की। इसपर दूल्हे के भाई और बहनोई ने दुल्हन के भाई और बहन गुलफ्शा बनो और चचेरी बहन अफसार जहां को गली देते हुए मारपीट करने लगे। बारात में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद बिना निकाह के ही बारात लौटा गई।

# शव लेकर जा रही कार ट्रेलर में घुसी, 4 गंभीर

**बस्ती ।** अयोध्या-गोरखपुर हाईवे पर मंगलवार को कार और ट्रेलर के बीच भीषण टक्कर हो गई। यह हादसा कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गढ़हा गांव के पास हुआ, जब तेज गति से जा रहे एक ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके चलते पीछे चल रही कार अनियंत्रित हो गई और ट्रेलर में घुस गई, जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कप्तानगंज



पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला। एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया और गंभीर हालत को देखते हुए राजेंद्र लोध और कार चालक जयेश पाटिल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान सिद्धार्थनगर जिले के लोटन थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव निवासी राजेंद्र लोध, उनके दो पुत्र रामधनी और सुखराम, और कार चालक जयेश पाटिल (कल्याण भिवंडी, मुंबई) के रूप में हुई है। राजेंद्र लोध ने बताया कि वे 24 नवंबर को अपने दिवंगत बेटे का शव लेकर मुंबई से सिद्धार्थनगर के बिशुनपुर गांव जा रहे थे, लेकिन हाईवे पर ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से यह हादसा हो गया। कानून व्यवस्था इंस्पेक्टर राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्घटना में घायलों का उपचार किया जा रहा है और सभी की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

# डॉ आम्बेडकर को किया याद

**बस्ती।** जिले में संविधान दिवस पर सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका को प्रमुखता से बताया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय ज्ञानू ने कहा, भारत में संविधान केवल एक पुस्तक नहीं है, बल्कि यह देश की आत्मा है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाया कि वह पुलिस और संवैधानिक संस्थाओं का सहारा लेकर संविधान की हत्या करने पर आमादा है।

पांडेय ने यह भी कहा कि आज डॉ. आंबेडकर की आत्मा रो रही है, क्योंकि देश सुरक्षित हाथों में नहीं है और संवैधानिक परंपराएं टूट रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता मोहम्मद रफीक खां, गंगा प्रसाद मिश्रा, लालजीत पहलवान, किसान कांग्रेस के अमित सिंह और अन्य नेता उपस्थित रहे।

# बुद्धा पीजीः पुरातन छात्र हमारे गौरवः प्राचार्य

संवाददाता

**कुशीनगर। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर की पुरातन छात्र परिषद की एक बैठक मंगलवार को महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में संपन्न हुई।परिषद के संयोजक प्रो. विभ्राट चंद कौशिक ने सभी विभागाध्यक्षों से आगामी पुरा छात्र सम्मेलन के संबंध में सुझाव आमंत्रित किया तथा फरवरी**



**महीने के तृतीय सप्ताह में आयोजन का प्रस्ताव दिया , जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया कि आगामी 10 दिसंबर तक सभी अपने विभाग के पुरातन छात्रों की लिस्ट प्रदान कर दें, जिससे आयोजन की एक सुनिश्चित रूपरेखा तैयार की जा सके। बैठक में पुरा छात्रों के साथ अवकाश प्राप्त आचार्यों एवं पूर्व प्राचार्यों को भी आमंत्रित करने का सुझाव आया, जिस पर विचार करने की सहमति बनी। पूर्व की भांति इस सत्र में भी पुरा छात्र सम्मेलन को भव्य तरीके से आयोजित करने को लेकर सभी विभागाध्यक्षों ने पुरा छात्र परिषद को अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि पुरातन छात्र हमारे गौरव हैं। उन्हें महाविद्यालय से जोड़ कर, सम्मानित करके हम अपने विद्यार्थियों को भी जीवन में बेहतर करने के लिए संदेश दे सकते हैं। उन्होंने पुरा छात्र परिषद को आयोजन की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। बैठक में प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. रामभूषण मिश्र, प्रो. ज्ञान प्रकाश मंगलम, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. मनीष जायसवाल, डॉ. निरंकार राम त्रिपाठी,डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. धनंजय ओझा, कृष्ण कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।**

## संक्षिप्त डायरी

### कुशीनगर विधानसभा के पांच दर्जन गांवों के बदलेगें बिजली तार व पोल

संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** विधायक कुशीनगर पीएन पाठक ने अधिक्षण अभियंता बिधुत वितरण खण्ड कसया कुशीनगर को एक पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र के पांच दर्जन से अधिक गांवों की जर्जर बिजली पोल और तार बदलने की मांग की है । बता दें कि विधायक श्री पाठक से क्षेत्रीय लोगों द्वारा विद्युत समस्या को लेकर लिखित मांग किया था जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक श्री पाठक ने अधिक्षण अभियंता कसया को पत्र लिखा है। विधायक श्री पाठक की पहल से बिजली की समस्या दूर होगी। विधायक श्री पाठक ने कहा कि पूरे विधान सभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य शिक्षा को सुदृढ़ किया जाएगा।

### मिशन शक्तिः सुरक्षा, आत्मनिर्भरता को लेकर किया जागरूक



संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के जौरा बाजार स्थित इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति योजना के तहत छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता को लेकर जागरूक किया गया। चौरा थाना के प्रभारी निरीक्षक विद्याधर कुशवाहा ने कहा कि आप सभी निर्भीक होकर विद्यालय आएं-जाएं। आपके साथ कोई समस्या हो तो तुरंत वूमेन हेल्पलाइन या 112 नंबर पर कॉल करें। आप निश्चिंत रहें, हम आपके साथ एक संरक्षक की तरह हर समय खड़े रहेंगे।प्रधानाचार्य रामू चौधरी ने कहा कि मिशन शक्ति छात्राओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। छात्राओं की शिक्षा सुरक्षा और व्यक्तित्व विकास हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर प्रधान लिपिक सुबोध पांडेय, विजय उपाध्याय, धर्मेंद्र सिंह, सुनील दत्त तिवारी, अंशुमान चतुवेर्दी, इरशाद, संतोष गुप्ता, मथुरा तिवारी, अशोक तिवारी, अखिलेश मिश्रा, रविशंकर सिंह, महेंद्र यादव, प्रभात ,सुमन द्विवेदी, सिंपल उपाध्याय, अनुराधा सिंह, एसआई वरुण सांस्कृतायन, और कांस्टेबल विकास प्रजापति व विनय यादव मौजूद रहे।

### कानपुर में गंगा पर बना पुल ढहा, 147 साल पहले बना था



**कानपुर ।** मंगलवार सुबह गंगा पर बने पुराने गंगा का पुल का बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया। पुल के दसवें नंबर की कोठी का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गंगा नदी में समा गया। हालांकि पुल जर्जर होने के चलते पहले ही बंद कर दिया गया था। इसलिए किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हो सकी। बता दें कि लगभग 147 वर्ष पहले अंग्रेजों के शासन में बनवाए गए पुराने गंगापुल की कई कोठियों में बीते साल बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई थी। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने तत्कालीन जिलाधिकारी को पुल की कोठियों में दरारों की जांच करने के बाद रिपोर्ट दी थी कि अब यह पुल वाहनों के आवागमन के योग्य नहीं बचा है। काफी जर्जर हालत में पहुंच चुका था। जिस पर कानपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी आलोक तिवारी ने इसे बंद करा दिया था। 5 अप्रैल 2021 को इस पुल को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। पुल के शुक्लागंज छोर और कानपुर छोर पर 5-5 फीट ऊंची पक्की दीवारें बनवा दी गई थी। काफी समय तक साइकिल सवार व पैदल राहगीर पैदल पुल से आवागमन करते रहे। पुल की कोठी का बड़ा हिस्सा गिरने के बाद पैदल पुल से भी आवागमन बंद कर दिया गया है। इंजीनियरिंग का साफ नियम है कि लोहे का मेन्टीनेंस हर साल होना चाहिए अन्यथा यह धीरे-धीरे जंग की वजह से मजबूती खोने लगता है। पुल पर 27 फुलगेज पिलर ब्रिक्स बनाए गए थे। ब्रिक्स की जिंदगी 100 साल मानी जाती है। पड़ताल में सामने आया कि पुल की रोड बनाने का काम 2013 में पीडब्ल्यूडी ने किया था इसके बाद कभी देखा तक नहीं। इस पुल से रोजाना करीब 22 हजार चौपहिया-दोपहिया समेत 1.25 लाख लोग रोज गुजते थे। पुल से 12 मीटर चौड़ाई और लंबाई टेल से टेल तक 1.38 किलोमीटर के करीब थी। कानपुर और शुक्लागंज को जोड़ने के लिए ये अहम ब्रिज था। अंग्रेजों ने कानपुर को उन्नाव-लखनऊ से जोड़ने के लिए 1875 में पुल का निर्माण कराया था। निर्माण ईस्ट इंडिया के इंजीनियरों ने कराया था। इससे बनाने में सात साल चार महीने लगे थे। मैस्कर घाट पर प्लांट लगाया गया था। अंग्रेजों ने यातायात के लिए पुल का निर्माण कराया था जबकि इसी पुल के करीब ही ट्रेनों के संचालन के लिए 1910 में रेलवे ब्रिज बनवाया था।

### गोरखपुर में सड़क किनारे मिली बच्ची

**गोरखपुर ।** सड़क किनारे एक नवजात बच्ची मिली है। उसके मां-बाप उसे पीपीगंज-जसवाल मार्ग पर कानापार गांव के पास लावारिस हालत में छोड़ गए थे। उसके रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो देखा कि नवजात कपड़ों में लिपटी हुई थी और ठंड से कांप रही थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सुबह करीब चार बजे सूचना मिलते ही हल्का इंचार्ज अजीत यादव और महिला कांस्टेबल नीमा यादव मौके पर पहुंचे। नवजात बच्ची को गंभीर हालत में देखकर उसे तुरंत थाने लाया गया। इसके बाद चाइल्ड केयर सेंटर को सूचित किया गया। केयरटेकर निधि त्रिपाठी की मदद से बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। कड़ाके की ठंड में इस मासूम को सुनसान सड़क किनारे फेंकना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। बच्ची का जिंदा बच जाना किसी चमत्कार से कम नहीं। डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची को ठंड लगने से कुछ परेशानी हुई थी, लेकिन अब उसकी हालत स्थिर है। पुलिस इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है। नवजात को इस हालत में छोड़ने वाली महिला और उसके परिजनों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि नवजात के साथ हुई इस अमानवीय हरकत के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए गहन जांच शुरू कर दी गई है। इस पूरे प्रकरण में हल्का इंचार्ज अजीत यादव, महिला कांस्टेबल नीमा यादव और चाइल्ड केयर सेंटर की केयरटेकर निधि त्रिपाठी ने समय पर कार्रवाई करते हुए बच्ची की जान बचाई।

## वंदे भारत को नहीं मिल रहे यात्री- 20 कोच से अब 8 कोच में बदलने की तैयारी


नई दिल्ली। देश की कई वंदे भारत ट्रेनों को यात्री नहीं मिल रहे हैं। अधिकांश लोगों में इसके टिकट खरीदने की क्षमता नहीं है। यही वजह है कि नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं। सितंबर 2024 में शुरू हुई इस ट्रेन को औसतन 25 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ चलाना रेलवे के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। रेलवे अब इस ट्रेन को 8 कोच वाली रेक से बदलने और इसकी समय सारणी में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत 20 कोच के साथ चलती है और इसमें 1,440 यात्रियों की बैठने की क्षमता है। हालांकि, यह ट्रेन अक्सर खाली रहती है। दिवाली की छुट्टियों को छोड़कर, इसे कभी भी फुल ऑक्यूपेंसी नहीं मिली। ट्रेन नागपुर से सुबह 5 बजे रवाना होती है और 7 घंटे 15 मिनट में सिकंदराबाद पहुंचती है। वापसी में यह दोपहर 1 बजे छूटकर रात 8-20 बजे नागपुर पहुंचती है। सेंट्रल रेलवे के नागपुर डिवीजन ने ट्रेन की ऑक्यूपेंसी बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए हैं। इनमें ट्रेन का प्रस्थान समय सुबह 7 बजे करने और मौजूदा 20 कोच वाली ट्रेन को 8 कोच वाली ट्रेन से बदलने का प्रस्ताव शामिल है। नागपुर डिवीजन ने इसे मुंबई हेडक्वार्टर और रेलवे बोर्ड को भेजा है। सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल नीला ने कहा, मौजूदा रेक को 8 कोच वाले रेक से बदलने का प्रस्ताव है। इसे आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। यह ट्रेन की लागत और उपयोगिता दोनों में सुधार करेगा।

## उग्रवादी संगठन उल्फा पर पांच साल बढ़ा प्रतिबंध

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उग्रवादी संगठन उल्फा पर पांच साल का प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध केंद्र ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) पर बैन बढ़ाया है। यह संगइन 2019-24 के दौरान विस्फोटक लगाने के 16 मामलों में शामिल रहा है। उल्फा ने असम राज्य में स्वतंत्रता दिवस 2024 से पहले इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का उपयोग किया है। केंद्र ने अब तक असम, त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड सहित पूर्वोत्तर में विद्रोही संगठनों के बीच 12 त्रिपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संगठन पूर्वोत्तर का एक मात्र प्रमुख संगठन है जो सरकार के साथ शांति वार्ता से बाहर है। उल्फा स्वतंत्र का नेतृत्व परेश बरुआ कर रहे हैं। गृह मंत्रालय के आदेश में पिछले पांच वर्षों में 50 की गिरफ्तारी और 63 कैडरों के आत्मसमर्पण, पुलिस और सुरक्षा बल की कार्रवाई में तीन कट्टर कैडरों की हत्या का हवाला दिया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, यह समूह 27 अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं जिनकी जांच प्रवर्तन एजेंसियां कर रही हैं। आदेश में कहा गया है कि उल्फा की गतिविधियां भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरनाक हैं। यदि इन पर तुरंत अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया, तो उल्फा खुद को फिर से संगठित कर नागरिकों और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## चेतावनी : 50 प्रतिशत हो जाएंगे तो उठा ले जाएंगे बेटियां : बाबा बागेश्वर

भोपाल। हिंदू एकता यात्रा पर निकले पं धीरेंद्र शास्त्री ने मुसलमानों के खिलाफ विवादित बयान दिया है। उन्होंने हिंदुओं को चेताते हुए कहा कि अभी मात्र 20 प्रतिशत मुसलमान है तो आए दिन पत्थरबाजी हो रही है जब ये 50 प्रतिशत हो जाएंगे तो सरेआम बेटियों को उठा ले जाएंगे। यात्रा के दौरान बाबा बागेश्वर से जब संभल की घटना को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अभी तो हमारी एकता पर फोकस है। यदि तो हम हिंदुओं को बताना चाहते हैं कि 20 पर्सेंट में वो पत्थरबाजी कर रहे हैं 50 हो जाएंगे तो तुम्हारे घरों की बेटियों को उठा ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि संभल के उपद्रवियों को जेलर के हाथ सौंपने की आवश्यकता है। बाबा ने यह भी कहा कि देश में 100 करोड़ हिंदू हैं, एक करोड़ को सड़क पर आना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में वे घरों में कब्जा कर लेंगे। जाति का भेदभाव मिटाने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा के दौरान सोमवार को उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश नहीं बनाना चाहते तो तो जात-पात से ऊपर उठ जाओ। बॉलिवुड अभिनेता संजय दत्त भी उनकी यात्रा में शामिल हुए। बाबा बागेश्वर की यह यात्रा 29 नवंबर को पूरी होगी। छतरपुर के अपने आश्रम से वह ओरछा के राम राजा दरबार तक यह यात्रा निकाल रहे हैं। बागेश्वर बाबा की यात्रा में भारी भीड़ उमड़ रही है। एक स्थानीय अदालत के आदेश पर पिछले मंगलवार को जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था जिसके बाद से संभल में पिछले कुछ दिनों से तनाव व्याप्त था। रविवार को दोबारा टीम सर्वेक्षण के लिए पहुंची तो हिंसा भड़क उठी। पत्थराव और गोलीबारी में 4 लोगों की मौत हो गई तो कई लोग जख्मी हो गए। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद पूर्व में हरिहर मंदिर था।



## अमेरिका में गुजराती युवक ने गुजराती मकान मालिक की हत्या कर लूटपाट की

अहमदाबाद। विदेशी धरती पर गुजरातियों की हत्या की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं और उसके आरोपी भी वहीं के लोग थे। लेकिन अब जो घटना सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। गुजराती वृद्धा की एक गुजराती युवक ने हत्या कर दी और 4500 डॉलर समेत कार लेकर फरार हो गया। हांलाकि अमेरिका की पुलिस ने आरोपी गुजराती युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक वडोदरा की मूल निवासी रीटाबेन आचार्य नामक वृद्धा अमेरिका के न्यूजर्सी में रहती थीं। वृद्धा ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर के मूल निवासी किशन सेठ नामक युवक को एक कमरा किराये पर दे रखा था। इस बीच अमेरिका की स्थानीय पुलिस किसी जांच के सिलसिले में रीटाबेन आचार्य के घर पहुंची और डोर बेल बजाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। कई बार डोर बेल बजाने के बावजूद जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस किसी प्रकार घर में घुस गई। घर का दृश्य देख पुलिस चौंक उठी। रीटाबेन आचार्य अपने बिस्तर पर खून से लथपथ मृत पड़ी थीं।

# अगर पार्टियां पंथ को देश से ऊपर रखती हैं तो हमारी स्वतंत्रता दूसरी बार खतरे में पड़ जाएगी: धनखड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि अगर पार्टियां पंथ को देश से ऊपर रखती हैं तो हमारी स्वतंत्रता दूसरी बार खतरे में पड़ जाएगी।

संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर साल भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत के लिए पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि रणनीति के तहत व्यवधान पैदा करना लोकतंत्र के लिए खतरा है।

धनखड़ ने कहा, ''यह समय रचनात्मक संवाद, बहस और सार्थक चर्चा के माध्यम से हमारे लोकतांत्रिक मंदिरों की पवित्रता को बहाल करने का समय है ताकि हमारे लोगों की प्रभावी ढंग से सेवा की जा सके।'' इस बात का उल्लेख करते हुए कि संविधान ने निपुणता से लोकतंत्र के तीन स्तंभों - विधायिका,



कार्यपालिका और न्यायपालिका- को स्थापित किया और प्रत्येक की एक परिभाषित भूमिका है, धनखड़ ने कहा, ''लोकतंत्र का सबसे अच्छा पोषण तब होता है जब उसके संवैधानिक संस्थान अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों का पालन करते हुए समन्वय, तालमेल और एकजुटता से काम करें।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के इन अंगों के कामकाज में, क्षेत्र विशिष्टता भारत को समृद्धि और समानता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने में इष्टतम योगदान देने का सबसे अच्छा साधन है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे (राज्यसभा) और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू मंच पर मौजूद थे।

इस अवसर पर भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया। साथ ही 'भारत के संविधान का निर्माण- एक झलक' और 'भारत के संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा' शीर्षक वाली पुस्तकों का विमोचन किया गया। राष्ट्रपति ने संविधान के संस्कृत और मैथिली अनुवादों का अनावरण किया। यह समारोह 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं के योगदान का सम्मान करना है।

## चेन्नई में बारिश नहीं ले रही थमने का नाम, हर तरफ जल प्रलय... आगे पांच दिन भारी

चेन्नई। चेन्नई में इन दिनों बारिश लगातार बारिश हो रही है। तमिलनाडु के चेन्नई में कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट भी मौसम विभाग ने जारी किया है। चेन्नई मौसम विभाग (आरएमसी) द्वारा जारी अलर्ट में कहा गया कि गहरे दबाव के कारण तटीय और डेल्टा जिलों में अगले पांच दिनों में भारी वर्षा होने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने मयिलादुथुराई, कराईकल, तिरुवरुर और नागपट्टिनम के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। कई अन्य जिले ऑरेंज अलर्ट पर हैं। दबाव के कारण रामनाथपुरम, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलुर, कल्लाकुरिची और चेंगलपट्टू जिलों के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना जाहिर की गई है। इसके अलावा, अरियालुर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम, तंजावुर, पुदुक्कोट्टई, विल्लुपुरम, पुडुचेरी, शिवगंगा, चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर, रानीपेट और तिरुवन्नामलाई जिलों में बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। बात दें कि तमिलनाडु में 21 नवंबर से ही भारी बारिश हो रही है, इसकारण रिहायशी इलाकों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। थूथुकुडी में राजगोपाल नगर, पुष्पा नगर, राजू नगर, पोस्टल टेलीग्राम कॉलोनी और शहर के अन्य इलाकों में भी भारी जलभराव की स्थिति है। इस महीने की शुरुआत में उदयनिधि स्टालिन ने लोगों को बारिश के लिए सरकार की तैयारियों का आश्वासन देकर कहा था, अक्टूबर में बारिश के प्रभाव के अध्ययन के आधार पर, हमने मोटर पंप और स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ा दी है। हमारे पास 1194 मोटर पंप, 152 सुपर सकर मशीनें हैं। अक्टूबर की तुलना में मोटर और मशीनों की नियुक्ति में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु सरकार बारिश के लिए पूरी तरह तैयार है।

## मुरैना में मकान में हुआ विस्फोट, दो की मौत, दो महिलाएं मलबे में दबी



**-आसपास के मकान भी धराशाही, जेसीबी से हटाया जा रहा मलबा**

**शिमला (एजेंसी)।** मुरैना, (ईएमएस)। मध्यप्रदेश के मुरैना में मकान में विस्फोट के कई घंटों बाद भी अभी तक मलबे से दो महिलाओं को नहीं निकाला जा सका है। पुलिस-प्रशासन, नगर निगम और एसडीईआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। जेसीबी की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। बिजली के खंभों से तार भी हटाए जा रहे हैं।

मुरैना में सोमवार देर रात एक मकान में विस्फोट हो गया था। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। दो अन्य मलबे में दब गईं। पांच घायलों को मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनको प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। विस्फोट शहर के टंच रोड स्थित राठौर कॉलोनी निवासी मुंशी राठौर के मकान में हुआ। इसके आसपास बने चार और मकान भी गिर गए।

मुंशी राठौर के मकान में रहने वाले किरायेदार विस्फोट की जद में आ गए। इनमें से वैजयंती कुशवाहा और उनकी बेटी विमला कुशवाहा मलबे में दबी हैं। पड़ोसी राकेश राठौर का मकान भी विस्फोट से धराशाही हो गया। उनकी पत्नी विद्या राठौर (50) की हादसे में मौत हो गई। पड़ोस में रहने वाले वासुदेव राठौर की बहू पूजा राठौर की भी मौत हो गई है। दोनों के शव मलबे से निकालकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिए गए।

मलबे में से एलपीजी के दो सिलेंडर मिले हैं जो पूरी तरह से सही थे। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मकान में रखे पटाखों में विस्फोट हुआ है। हालांकि, पुलिस अभी इस बारे में स्थिति पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। मौके पर पहुंचे एसपी ने बताया कि अभी जांच कर रहे हैं जो तथ्य सामने आएंगे, तभी कुछ कहा जा सकेगा। फिलहाल मौके पर रेस्क्यू टीम मौजूद हैं मलबे को हटाने का काम किया जा रहा है।

## दलितों, आदिवासियों, ओबीसी का रास्ता एक दीवार से अवरुद्ध किया जा रहा, इस दीवार को पीएम मोदी और संघ मजबूत कर रहा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के संविधान रक्षक अभियान में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि देश की पूरी व्यवस्था दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लोगों के खिलाफ खड़ी है। राहुल गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, ओबीसी का रास्ता एक दीवार से अवरुद्ध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, आरएसएस उस दीवार को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने पिछड़े वर्गों के रास्ते में आने वाली दीवार को कमजोर किया लेकिन हम दीवार को उतनी कमजोर नहीं कर सके, जितना हमें करना चाहिए था।

राहुल गांधी ने फिर कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान नहीं पढ़ा है, अगर उन्होंने पढ़ा होता, तब वे वह काम नहीं करते जो वे रोजाना करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि हजारों सालों के लिए भारत की सोच है, यह सत्य और अहिंसा के बारे में है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में जाति जनगणना की जा रही है, यह एक ऐतिहासिक कदम है, हम



जहां भी सरकार बनाएंगे, वहां ऐसा ही करने वाले है।

संविधान की कॉपी दिखाकर उन्होंने कहा कि क्या इसमें (संविधान में) सावरकर जी की आवाज है? क्या उसमें कहीं लिखा है कि हिंसा करनी चाहिए, लोगों को मारना चाहिए या झूठ का सहारा लेकर सरकार चलानी चाहिए? यह सत्य और अहिंसा का ग्रंथ है। कुछ दिन पहले कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में जाति जनगणना का काम शुरू किया है और यह कोई नौकरशाही प्रक्रिया नहीं है। तेलंगाना में पहली बार जाति जनगणना को सार्वजनिक अभ्यास बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जो सवाल पूछे जा रहे हैं, वहां कोई बंद कमरे में 10-15 लोग नहीं पूछ रहे हैं, ये लाखों लोग हैं जिसमें दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग के लोग, गरीब, सामान्य जाति, अल्पसंख्यक लोग, हर कोई और तेलंगाना के लोग शामिल हैं।

संविधान दिवस कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी के भाषण के दौरान बिजली कट गई जिससे उनका माइक बंद हो गया। इस पर राहुल ने कहा कि देश में पिछले 3000 साल से जो भी दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, गरीब की बात करता है, उसका माइक बंद हो जाता है। जब माइक बंद हुआ, तब बहुत सारे लोग आए और मुझसे कहा कि जाओ और बैठ जाओ। मैंने कहा मैं बैठूंगा नहीं, खड़ा रहूंगा, जितना चाहो माइक बंद कर लो, जो बोलना है बोलूंगा। यहां पीछे रोहित वेमुला की फोटो है, वह बोलना चाहता था लेकिन उसकी आवाज छीन ली गई।

## मायावती ने संविधान दिवस पर कांग्रेस व भाजपा पर साधा निशाना

लखनऊ। संविधान दिवस पर बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस व भाजपा पर संविधान को जनकल्याणकारी मंशा के साथ लागू न करने का आरोप लगाया है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मंगलवार को लिखा कि देश का संविधान कोई दिखावटी चीज नहीं है, बल्कि इसको दिल से अंगीकार करके उसके अनुरूप व्यवहार करना भी जरूरी है। खासकर भारतीय संविधान सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के मानवतावादी व कल्याणकारी उद्देश्यों को लेकर है ताकि यहां जात-पात मुक्त समतामूलक समाज की स्थापना हो व देश महान बने। देश में संविधान लागू होने के इतने दशकों के बाद भी जमीनी स्तर पर सही व सच्चे सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक लोकतंत्र का अभाव यह साबित करता है कि यहां सत्ता में रहने वाली खासकर कांग्रेस व भाजपा ने संविधान को इसकी असली जनकल्याणकारी मंशा के हिसाब से लागू नहीं किया जो बेहद दुखद है। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि दरिद्रता झेल रहे लगभग 140 करोड़ लोगों के भारत देश की पूंजी में विकास के जरिए जनता की गरीबी, बेरोजगारी एवं पिछड़ापन दूर करने के लिए जनकल्याण का कार्य नहीं होकर, कुछ मुट्ठी भर लोगों का विकास होना यहां हर संतुलन को बिगाड़ने वाला है, जिससे बहु-अपेक्षित जनविकास कैसे संभव है? संविधान दिवस पर बीएसपी संविधान की भूरि-भूरि प्रशंसा करती है किन्तु इसके मुख्य शिल्पी परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी संभव है जब उनके करोड़ों शोषित-उपेक्षित अनुयायियों के जीवन में आरक्षण आदि के जरिए बेहतरी आएगी, जिसके लिए बहुजन समाज पार्टी शुरू से समर्पित है।



# बिहार एक पिछड़ा राज्य, विकास के लिए बड़े और ठोस प्रयास की जरुरत

**-जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहारी प्रवासियों से की बात**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार के विकास और राजनीति को लेकर कहा कि अमेरिका में बिहारी प्रवासी समुदाय के साथ ऑनलाइन बातचीत में उन्होंने राज्य की वर्तमान स्थिति, भविष्य की योजनाओं और जन सुराज पार्टी के एजेंडे पर चर्चा की।



प्रशांत किशोर (पीके) ने कहा कि बिहार वाकई एक पिछड़ा राज्य है, जो कई समस्याओं से घिरा है। इसके सर्वांगीण विकास के लिए बड़े और ठोस प्रयास करने की जरुरत है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बिहार में हालात सुधारने को लेकर समाज को उम्मीद नहीं है। पीके ने अपनी प्राथमिकताओं पर बात करते हुए कहा कि यदि उनकी पार्टी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करती है, तो उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता स्कूली शिक्षा में सुधार करना होगा।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार शराबबंदी को खत्म करेगी और इससे मिलने वाले राजस्व को शिक्षा सुधार में खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि शराब से बैन हटाना और इससे मिलने वाले राजस्व का उपयोग शिक्षा में सुधार के लिए करना हमारी प्राथमिकताओं में रहेगा। प्रशांत ने जोर देकर कहा कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने जन सुराज के पिछले 2.5 सालों की कोशिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों में एक नई उम्मीद जागी है। उन्होंने माना कि अभी ठोस राजनीतिक सफलता और सरकार बनाने में समय लगेगा।

किशोर ने कहा कि यदि बिहार एक देश होता, तो जनसंख्या के लिहाज से यह दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश होता। उन्होंने कहा कि बिहार ने जनसंख्या के मामले में जापान को भी पीछे छोड़ दिया है। अमेरिका में रह रहे बिहारी लोगों से उन्होंने अपील की कि वे जन सुराज अभियान का समर्थन करें और अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को पार्टी को वोट देने के लिए प्रेरित करें।

हाल ही में बिहार में हुए उपचुनाव में जन सुराज पार्टी ने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। चार सीटों पर खड़े उम्मीदवारों में से केवल एक की जमानत बच सकी, जबकि बाकी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। इस पर पीके ने कहा कि यह शुरुआत है, और पार्टी को अपनी रणनीति और जमीनी स्तर पर ज्यादा काम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में अपनी पकड़ मजबूत करेगी और बिहार के विकास के लिए एक नई राजनीति का रास्ता बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि बिहार में लोगों की उम्मीदें वापस लौटें और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की हार के लिए पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ जिम्मेदार : संजय राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सीएम पद को लेकर संशय के बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बड़ा दावा कर दिया है। शिवसेना यूबीटी राउत ने दावा किया कि मेरे हिसाब से देवेंद्र फडणवीस अगले सीएम बनने वाले है। उन्होंने कहा कि सीएम का फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी करने वाले है। एकनाथ शिंदे और अजित पवार अपनी पार्टियों के लिए फैसले खुद नहीं ले सकते। ये दोनों पार्टियां शाह और पीएम मोदी की गुलाम हैं और बीजेपी की उपकंपनियां बन गई हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल बीजेपी के पास बहुमत है। वे बहुमत के लिए शिंदे और अजित पवार की पार्टी को तोड़ सकती है।



इसके पहले राउत ने कहा था कि इस चुनाव में ईवीएम एक बड़ा मुद्दा रहा है, इसलिए इस बार हम कहते हैं कि ये नतीजा आने दीजिए, लेकिन महाराष्ट्र में ये चुनाव एक बार फिर पेपर बैलेट से करा लीजिए और फिर दिखा दीजिए कि नतीजे वहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि ये सब बातें जो हैं महाराष्ट्र में हुआ है, इसके लिए डीवाई चंद्रचूड़ जिम्मेदार हैं। वहीं, महायुति के अगले दावेदार के चयन पर सस्पेंस के बीच शिवसेना प्रमुख शिंदे ने मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। शिंदे ने मुंबई के राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंपा। उनके साथ अजित पवार और फडणवीस भी मौजूद थे।

हालांकि, नई सरकार बनने तक शिंदे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करते रहने वाले है। भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने चुनावों में भारी जीत हासिल की और 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 सीटें हासिल कीं। हालाँकि, गठबंधन अब तक इस बात पर आम सहमति बनाने में विफल रहा है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होना चाहिए।

# एआई की तैयारी में शीर्ष 10 देशों में भारत शामिल, भारत एआई विशेषज्ञों में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर

**मुंबई (एजेंसी)।** रिपोर्ट में सामने आया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तैयारी में शीर्ष दस देशों में भारत भी शामिल है, और देश में एआई के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में परिवर्तन की अपार संभावनाएं है। 73 अर्थव्यवस्थाओं के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट से पता चला है कि भारत एआई विशेषज्ञों में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है और एआई से संबंधित पेटेंट में मजबूत आधार के साथ शोध प्रकाशनों में तीसरे स्थान पर है।

दूसरी ओर, अध्ययन की गई 70 प्रतिशत से अधिक अर्थव्यवस्थाएं पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारी, कौशल और अनुसंधान एवं विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में औसत से नीचे स्कोर करती हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि एआई के क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने पर देश के जोर को रेखांकित करती है। एआई की तैयारी में शीर्ष 10 देशों में से एक के रूप में भारत में एआई के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र में बदलाव की अपार संभावनाएं हैं।

रिपोर्ट ने बताया कि एआई एक्सपोजर भारत में कई प्रमुख क्षेत्रों में फैला हुआ है। व्यावसायिक सेवाएं सकल घरेलू उत्पाद का 16 प्रतिशत हिस्सा हैं। खुदरा और थोक व्यापार जीडीपी का 10 प्रतिशत हिस्सा है, जहां एआई सार्वजनिक वितरण और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को सुव्यवस्थित कर सकता है, नुकसान कम कर सकता है। वहीं सार्वजनिक सेवाएं जीडीपी का 6 प्रतिशत हिस्सा हैं, जो एआई सेवा वितरण और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने के अवसर देता है।

कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन सकल घरेलू उत्पाद में 17 प्रतिशत का योगदान देता है। उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए सटीक खेती और जोखिम मूल्यांकन में एआई का उपयोग हो सकता हैं। सकल घरेलू उत्पाद के 8 प्रतिशत के साथ निर्माण क्षेत्र बुनियादी ढांचे की योजना और संपत्ति के रखरखाव के लिए एआई का उपयोग हो सकता है। कला मनोरंजन और व्यक्तिगत सेवाएं भी 8 प्रतिशत के साथ सार्वजनिक सुविधाओं के प्रबंधन में एआई से लाभान्वित हो सकती हैं। इस संभावना को साकार करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, एआई शोध क्षमताओं को बढ़ाना और कार्यबल प्रशिक्षण का विस्तार करना शामिल है। रिपोर्ट में एआई के नैतिक उपयोग को संबोधित करने, पूर्वाग्रह को समझने और प्रौद्योगिकी को जिम्मेदारी से अपनाने को सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचों की भी मांग की गई है।



# नेहरू युवा केंद्र, गाजियाबाद ने मेरा संविधान, मेरा अभिमान के साथ मनाया संविधान दिवस

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के तत्वाधान में शंभू दयाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजियाबाद ने संविधान दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर को फूल अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के उप निदेशक देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की रुपरेखा के विषय में बताते हुए बताया कि सविधान की मांग आजादी के बहुत पहले से आरंभ हो गई थी । 1946 में निर्वाचित सदस्यों द्वारा संविधान सभा का गठन किया गया । संविधान सभा द्वारा कई प्रकार की समितियां गठित की गई




जिसमें से एक समिति भीमराव अंबेडकर जी की अध्यक्षता में संविधान के मसौदे को तैयार करने के लिए बनाई गई । 26 नवंबर 1949 संविधान सभा द्वारा संविधान को आत्मसात किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर जयकुमार सरोहा पॉलिटिकल साइंस ने बारीकी से संविधान के इतिहास एवं उसकी संरचना तथा विभिन्न देशों से ग्रहण किए गए प्रावधानों की विस्तार से चर्चा की। यह एक लीगल दस्तावेज है जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने भविष्य में होने वाले



विभिन्न संशोधनों का प्रावधान रखा था इस प्रकार हमारा संविधान एक लचीला संविधान है। डॉक्टर रोशना मित्तल पॉलीटिकल साइंस एसडी पीजी कॉलेज ने संविधान मैं नागरिकों के मूल अधिकार एवं कर्तव्यों के विषय में जानकारी दी तथा संविधान की शपथ दिलाई और बताया कि सभी देशवासियों को संविधान को पढ़ना चाहिए और उसको अपनाना चाहिए। संविधान पर चर्चा करते हुए डॉक्टर राजनारायण शुक्ला प्रोफेसर अनिल कुमार तथा डॉक्टर प्रियंका गंगवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए । कुछ छात्रों जिसमे सफलता मानसी और हिमानी हर्षवर्धन एवं ब्रज कुमार छात्रों ने भी संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम के समापन पर अभी वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देखकर तथाअपने विचार रखने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने एक रैली का आयोजन किया जिसमें ' मेरा संविधान मेरा अभिमान' जैसे नारों के साथ को जागरूक किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रियंका गंगवार ने किया तथा इसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक तालिब ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

# गाजियाबाद हिंडन एयर पोर्ट पर अन्य राज्यों एवम जिलों की उड़ान के लिए सांसद अतुल गर्ग लगातार प्रयास सांसद अतुल गर्ग



संस्कार उजाला
**गजियाबाद (आशा चौधरी)** सांसद अतुल गर्ग कुछ समय पहले कोर्ट के स्टे के कारण उड़ान ना होना विषय उन के समक्ष आया। सोमवार को अतुल गर्ग इसी विषय को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से शिष्टाचार भेंट कर पत्र सौपा। अतुल गर्ग ने संसदीय क्षेत्र गाजियाबाद लोकसभा के अंतर्गत आने वाले हिंडन एयरपोर्ट से हवाई सेवा प्रारम्भ करने का आग्रह किया `इसके साथ हीं वृत अध्यन के अनुसार मिली जानकारी से उन्हें अवगत कराया कि GMR कंपनी की रोक नहीं है जिस के कारण अनुमानतः प्रति वर्ष हवाई अड्डे को 60 करोड़ से अधिक का नुकसान हों रहा है मा. मंत्री जी ने समस्त समस्याओं को सज्ञान में लेकर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही के आदेश दिए साथ ही शीघ्र अति-शीघ्र इस समस्त समस्याओं का निस्तारण हेतु आश्वसन दिया।

# ईवीएम से छेड़छाड़ के दावा करने की याचिका खारिज

**कहा- केवल चुनाव हारने पर ही ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं।**

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें भारतीय चुनावों में पेपर बैलेट प्रणाली को फिर से शुरू करने की मांग की गई थी। न्यायालय ने याचिकाकर्ता के ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों को खारिज कर दिया, और उन नेताओं की असंगति को उजागर किया जो केवल चुनाव हारने पर ही ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं। याचिका खारिज करते हुए पीठ ने टिप्पणी कीः क्या होता है, यदि आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जाती है। जब आप चुनाव हारते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ की जाती है।'
जब चंद्रबाबू नायडू हार गए तो उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है. अब, इस बार, जगन मोहन रेड्डी हार गए, उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है।
पीठ में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और पी.बी. शामिल हैं। वराले को याचिकाकर्ता डॉ. कौल के तर्कों में कोई योग्यता नहीं मिली। न्यायमूर्ति नाथ ने टिप्पणी की, राजनीतिक दलों को इस प्रणाली से कोई समस्या नहीं है। आपको एक समस्या है।

# नोएडा में खड़े वाहनों में लगी आग

संस्कार उजाला
**ग्रेटर नोएडा** वेस्ट में रात में आग का तांडव देखने को मिला, जहां पार्किंग में खड़ी हुई एक गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और उसके बाद यह आग लगातार बढ़ती चली गई और वहां पर खड़ी हुई अन्य गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं। इस दौरान आधा दर्जन वाहन जलकर राख हो गए। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत मयूर गोल्ड अपार्टमेंट बालाजी एनक्लेव में रात में अचानक ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी हुई गाड़ी में अचानक से आग लग गई। यह आग रात में करीब 1 बजे लगी। इस दौरान सभी लोग सोए हुए थे जैसे ही आग लगी अफरा तफरी का माहौल हो गया और लोग उस आग को बुझाने की



कोशिश करने लगे। आग तेजी से लगातार बढ़ती चली गई और उसने पास में खड़ी हुई एक अन्य कार ,दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी को भी अपनी आगोश में ले लिया।सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक इस आग में दो कार ,दो मोटरसाइकिल ,एक स्कूटी और एक स्कूटर पूरी तरह जलकर राख हो गए। जिस समय आग लगी उस समय तीसरे फ्लोर पर भी महिला और दो बच्चे मौजूद थे। आग को बुझाने के बाद उनको भी फायर यूनिट के द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया ,गनीमत यह रही कि इस आग में कोई भी जनहानि नहीं हुई है, आग पर समय रहते दमकल की गाड़ियों ने काबू पा लिया ,वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि एक गाड़ी में शॉर्ट सर्किट हुआ था और उसी में आग लगी थी।

# राहुल की नागरिकता रहेगी या जाएगी...19 दिसंबर को फैसला



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता मामले में गृह मंत्रालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में स्टेटस रिपोर्ट दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि जांच चल रही है। 19 दिसंबर को फाइनल रिपोर्ट सब्मिट की जाएगी। एस विग्नेश शिशिर ने अपनी याचिका में दावा किया है कि राहुल गांधी के पास यूनाइटेड किंगडम (यूके) की नागरिकता है। इसी याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने गृह मंत्रालय से स्टेटस रिपोर्ट मांगी। गृह मंत्रालय की ओर से एडिशनल सालिसिटर जनरल (अरत्र्क्ष्) सूर्यभान पांडेय ने जवाब दिया। जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की बेंच ने कहा कि अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। उसमें याचिकाकर्ता की शिकायत पर चल रही जांच की फाइनल रिपोर्ट से कोर्ट को अवगत कराया जाए।

# प्रदूषण नियंत्रण में आरडब्लूए करें सहयोग-कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** लगातार बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कोरवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने सभी आआरडब्लूए को सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण इतना गंभीर मुद्दा है कि इसे पूरी तरह से सरकार पर नहीं छोड़ा जा सकता। इसे कम करने में हमें भी अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि अपनी आने वाली पीढ़ी के हित में, धार्मिक रूप से, स्वेच्छा से और पूरी तरह से वायु प्रदूषण



को नियंत्रित करने के लिए हमें मिलकर कदम उठाने होंगे। उन्होंने हर महीने के आखिरी रविवार को कार फ्री डेह्व रखने, गीले और सूखे कचरे को अलग डालने, कार पूलिंग करने, मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए मोक्षदा प्रणाली के प्रयोग, वर्टिकल गार्डनिंग, सामुदायिक पार्क या अन्य जगहों पर अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य के नाम पर पेड़ लगाने और उनका पालन-पोषण करने, ई-कचरा देने के लिए यूएलबी से सम्पर्क करने, सोसायटी के किसी वरिष्ठ निवासी को ह्लप्रदूषण विरोधी राजदूतह्व के रूप में नामित करने, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग, दुकान, संस्थान या निवासी के खिलाफ ह्लनिगरानी उन्होंने सर्वश्रेष्ठ ₹निगरानी मार्शल₹ को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

# कृपालु-महाराज की बेटी की कार में टक्कर मारने की साजिश

संस्कार उजाला
**नोएडा** में कृपालु महाराज की बेटी की कार का एक्सीडेंट हुआ था या साजिश थी? हादसे में जान गंवाने वाली कृपालु महाराज की बड़ी बेटी विशाखा त्रिपाठी के ड्राइवर प्रवीन मुडभरी ने ऋक्र दर्ज कराई है। ड्राइवर ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस अब हादसा या साजिश, दोनों एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस ने मंगलवार को कैंटर ड्राइवर हरेंद्र यादव उर्फ सोनू निवासी फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि घटना के वक्त वह गाड़ी में अकेला था। वह फिरोजाबाद से कंपनी की बोतल गाड़ी में भरकर यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते नोएडा




की तरफ जा रहा था। तभी हादसा हुआ।पुलिस को दी शिकायत में ड्राइवर ने कहा- 24 नवंबर को हम लोग वृंदावन से यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते गोलोक धाम द्वारका नई दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान ग्रेटर नोएडा से साढ़े 7 किलोमीटर पहले सड़क के किनारे हम लोगों ने गाड़ी रोकी। इतने में एक ट्रक तेजी से हमारी तरफ आया और खड़ी गाड़ियों को टक्कर मार दी। एक गाड़ी रेलिंग की साइड में टंग गई। हादसे में दो गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। हम लोगों को पता ही नहीं चला कि अचानक क्या हो गया। घटना में गंभीर घायलों को अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली भेजा गया। ये हादसा ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ। ये भी हो सकता है कि किसी ने जानबूझकर ऐसा किया हो। मामले की जांच कर दोषी पर सख्त कार्रवाई की जाए। नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कैंटर ने दो कारों को टक्कर मार दी। हादसे में जगद्गुरु कृपालु जी महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी की मौत हो गई। दो बेटियों डॉ. कृष्णा त्रिपाठी और डॉ. श्यामा त्रिपाठी के अलावा 5 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को पहले ग्रेटर नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। ये टोयोटा कैमरी कार से दिल्ली जा रही थीं। 75 साल की डॉ. विशाखा त्रिपाठी वृंदावन के प्रेम मंदिर और प्रतापगढ़ के मनगढ़ भक्ति धाम की अध्यक्ष थीं। घटना के बाद जगद्गुरु कृपालु परिषत की ओर से शोक संदेश जारी किया, जिसमें लिखा था- दुख के साथ घोषणा कर रहे हैं कि एक हादसे में हमारे जगद्गुरु कृपालु परिषत (भक्ति धाम) की अध्यक्ष डॉ. विशाखा त्रिपाठी का निधन हो गया है

# वकील बोले- हमारा आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ ?

गाजियाबाद में वकीलों का प्रदर्शन अभी जारी रहेगा, एक दिन पहले बार ने हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया। लेकिन वकील बार के खिलाफ आक्रोशित हो गए। जिसमें वकीलों ने कहा कि हमारी मांग जब तक पूरी नहीं होती तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। जो भी हमारी मांग हैं जब तक वह पूरी नहीं होती हम अपने आंदोलन को लेकर आगे बढ़ाते रहेंगे।वकीलों ने कहा कि जब तक जिला



जज अनिल कुमार नहीं हटाए जाएंगे हम धरना प्रदर्शन व आंदोलन करते रहेंगे। जिला जज के निलंबन की भी मां गकी। वकीलों ने अपनी मांगों को लेकर बैनर लगा दिए। दूसरी मांग लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई की मांग रखी। वकीलों पर दर्ज मुकदमे वापस करने की मांग रखी। घायल वकीलों के लिए उचित सहायता की मांग रखी। दोषी पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज की मांग रखी। यह पांच मांग महासम्मेलन में 3 दिन पहले भी रखी गईं। 29 अक्टूबर को हुआ था लाठीचार्ज जिला जज की कोर्ट में 31 अक्टूबर को वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया था। जिसमें कई सीनियर अधिवक्ताओं को चोट लगी थी। लाठीचार्ज के विरोध में चल रहे आंदोलन को धार देने के लिए आगे की रणनीति बनाई जा रही है। 4 नवंबर से वकील आंदोलन कर रहे हैं। वहीं बार ने आज मंगलवार को सीनियर अधिवक्ता धीरेंद्र त्यागी के निधन पर आज शौक प्रस्ताव घोषित करते हुए पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

# रवि धामा ने रात दस बजे लोनी में कराया मृत गौमाता का अंतिम संस्कार।

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** लोनी के ग्राम अग्रोल्ला में रात दस बजे रवि धामा को 112 स्त्र१५ द्वारा सूचना मिली कि एक गौमाता मृत पड़ी हुई है। रवि धामा तुरन्त अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। और नगरपालिका अधिशासी अधिकारी के के मिश्रा व एस एस आई दिनेश कुमार को सूचना दी। उन्होंने जेसीबी मशीन के लिए दीपक फौजी को कहा। दीपक फौजी ने जेसीबी ऑपरेटर साबिर को मौके पर



भेजा। रवि धामा भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने पुस्ता चौकी प्रभारी दारा सिंह को अवगत कराकर मौके पर पहुँचने के लिए कहा। वे भी अपनी टीम के साथ मौके पहुंचे। उसके उपराँत हिन्दू रीति रिवाजों के अनुसार गौमाता का अंतिम संस्कार किया गया। साथ मे पारू गुर्जर सहित गाँव के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011